54 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या- 25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 25.2c अधिकतम 33.2 °c

॥ अमृतवाणी ॥

जीवन में सादगी रखो,
खुशी अपने आप बढ़ेगी।

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

बहुत बातें होती हैं जो बताई नहीं जाती,अगर मैं खोल दूं तो अखिलेश यादव को खड़े होने की जगह नहीं मिलेगी : जयंत चौधरी



इशारों को अगर समझो.....
तो राज को राज रहने दो.....

सूर्योदय - 6:03, सूर्यास्त - 6:24 | वर्ष : 54/ अंक : 255 | मंगलवार, 15 सितम्बर 2026 | भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी | सम्वत 2083 | मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ : 4

शांतिनगर में मामूली विवाद को लेकर मां-बेटे ने की आत्महत्या


मौसी से पैसे मांगने पर डांटने पर खाया जहर तो मां ने भी दी जान

मुजफ्फरनगर, 14 सितम्बर (बु.)। एक दर्दनाक घटना में नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के नगर के मोहल्ला शांतिनगर में मां-बेटे के बीच विवाद होने पर अविवाहित पचास वर्षीय बेटे ने घर में रखे जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। इसके बाद गुस्से में बुजुर्ग मां ने भी जहरीला पदार्थ खा लिया। पड़ोसी की सूचना पर 108 एम्बुलेंस दोनों को लेकर जिला अस्पताल में पहुंची। जहां उपचार के दौरान मां व बेटे की मौत हो गयी। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन जिला अस्पताल पहुंच गए। परिजनों ने पुलिस कार्रवाई से इंकार कर दिया है। पुलिस के अनुसार मूल रुप से शामली जनपद का रहने वाला 50 वर्षीय जितेन्द्र शर्मा पिछले 20 साल से नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला शांतिनगर में अपनी 80 वर्षीय मां सुशीला पत्नी दयाराम के साथ रह रहा था। जितेन्द्र अविवाहित था। थाना प्रभारी आनंद देव मिश्रा ने बताया कि जितेन्द्र नशे भी करता था। वह अपनी मौसी से पैसे मांग रहा था। जिस बात को लेकर जितेन्द्र व उसकी मां के बीच विवाद हो गया। मां ने बेटे को मौसी से पैसे मांगने पर डांट दिया। उसके बाद जितेन्द्र ने घर में रखे जहरीले पदार्थ का सेवन कर दिया। बेटे को जहरीले पदार्थ का सेवन करते देख मां ने भी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। जहरीले पदार्थ के सेवन से मां व बेटे की हालत बिगड़ गयी। पड़ौसियों ने 108 एम्बुलेंस के जरिए मां व बेटे को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भिजवाया, जहां उपचार के दौरान दोनों की मौत हो गयी। जिला अस्पताल से मामले की जानकारी पुलिस को दी गयी थी।

नशा करता था जितेंद्र

सीओ नई मंडी राजू कुमार साव का कहना कि जितेन्द्र नशा करता था। मौसी से पैसे मांग रहा था, जिसके बाद मां से उसका विवाद हो गया था। परिजनों ने पुलिस कार्रवाई से इंकार कर दिया है। दोनों के शवों को पोस्टमार्टम नही कराना चाहते है। लिखा-पढ़ी करने के पश्चात शव परिजनों के सुपुर्द कर दिए जाएगे।





शिवचौक पर हंगामे के बाद यूजीसी के खिलाफ दिल्ली यात्रा खत्म

▸▸हरिद्वार से गंगाजल लेकर पहुंचे त्यागी भूमिहार महासभा के कार्यकर्ताओं ने किया जलाभिषेक

मुजफ्फरनगर,14 सितंबर (बु.)। यूजीसी के विरोध में हरिद्वार से गंगाजल लेकर दिल्ली के लिए चले त्यागी भूमिहार महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशु त्यागी और उनके समर्थकों को आज शिवचौक पर रोक लिया गया। यहां पुलिस की मौजूदगी में हल्के फुल्के हंगामे के बाद शिवमूर्ति पर जलाभिषेक के बाद ज्ञापन देकर प्रदर्शनकारी लौट गए। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर सरकार कानून वापस नहीं लेती है तो वोट की चोट से जवाब दिया जाएगा। स्वर्णों के अधिकारों को लेकर यूजीसी के विरोध में त्यागी भूमिहार महासभा के कार्यकर्ता गत दिवस हरिद्वार से गंगा जल लेकर दिल्ली के लिए रवाना हुए थे। मार्ग में बरला समेत कई स्थानों पर स्वागत के बाद आज शाम यह यात्रा शिवचौक पर पहुंची तो वहां पहले से ही नगर मजिस्ट्रेट पंकज प्रकाश राठौर व सीओ सिटी भारी पुलिस बल के साथ मौजूद थे। शिवचौक पर इस यात्रा को रोक लिया गया। वहां पुलिस के साथ उनकी मामूली ड़प भी हुई। इसके बाद अधिकारियों के समझाने बुाने पर अशु त्यागी व उनके समर्थकों ने शिवमूर्ति पर गंगाजल चढ़ाकर अपनी यात्रा को यहीं समाप्त कर दिया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यूजीसी के माध्यम से सवर्ण समाज का गला घोंटने का काम किया जा रहा है। उनका कहना था कि वे आरक्षण के विरोध में नहीं हैं, लेकिन सवर्ण समाज के हितों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि अधिकारी योगी और मोदी को फेल करने के लिए ऐसी नीतियां ला रहे हैं। इस पर सरकार को विचार करना चाहिए। उनका कहना था कि आज तो वे अपना प्रदर्शन खत्म कर रहे हैं, लेकिन नियम ना बदले तो फिर बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा और जरूरत पड़ी तो वोट की चोट से भी जवाब दिया जाएगा।





भाजपा नेता के खाली प्लॉट में जोरदार विस्फोट, कटा पैर मिलने से हड़कंप

चित्रकूट, 14 सितंबर (एजेंसी)। अशोह गांव में भाजपा नेता के खाली प्लॉट में रविवार रात करीब 11 बजे अचानक तेज धमाके की आवाज सुनाई दी। रात का समय होने के कारण आसपास के लोग बाहर निकलकर यह देखने नहीं गए कि धमाका कहां हुआ और उसकी वजह क्या थी।

सोमवार सुबह ग्रामीण खेतों की ओर जा रहे थे। इसी दौरान कुछ लोगों की नजर प्लॉट के आसपास खून के निशानों पर पड़ी। अंदर और बाहर तलाश करने पर एक कटा हुआ पैर पड़ा मिला। इसकी जानकारी मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों ने घटना की सूचना भाजपा नेता और पुलिस को दी। कुछ ही देर में पहाड़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी निशिकांत राय पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और प्लॉट को चारों तरफ से घेर लिया। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया। प्रथम दृष्टया आशंका जताई जा रही है कि विस्फोट में कोई व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुआ या उसकी मौत हुई हो सकती है। यह भी आशंका है कि घटना के बाद उसके साथ मौजूद लोग उसे वहां से ले गए हों और पैर घटनास्थल पर ही छूट गया हो।

22 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर दी जान

मुजफ्फरनगर, 14 सितम्बर (बु.)। तितावी थाना क्षेत्र के गांव काजीखेड़ा में अग्निवीर भर्ती की तैयारी कर रहे युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक का शव रविवार देर रात गांव के आर्य समाज मंदिर परिसर में लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। युवक ने किन कारणों के चलते आत्महत्या की है, पुलिस इसकी जांच-पड़ताल में जुट गयी है।

गांव काजीखेड़ा निवासी मनोज शर्मा का बेटा उपवंत शर्मा (22) पिछले काफी समय से अग्निवीर भर्ती की तैयारी कर रहा था। रविवार देर रात गांव के आर्य समाज मंदिर में उसका शव लटका मिला। ग्रामीणों को घटना की सूचना मिली तो मौके पर भीड़ जमा हो गयी। सूचना मिलते ही तितावी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। हादसे से उसके परिजनों में कोहराम मच गया। थाना प्रभारी जयवीर सिंह का कहना कि युवक का पोस्टमार्टम करा दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में आत्महत्या होना आया है। युवक ने आत्महत्या क्यों की है, इसकी गहनता से जांच की जा रही है।



अग्निवीर भर्ती की तैयारी कर रहा था युवक

ट्रेन की चपेट में आने से व्यक्ति मौत

रोहाना, 14 सितम्बर (बु.)। नगर के रोहाना में बड़कली रेलवे क्रॉसिंग के पास सोमवार सुबह एक ट्रेन की चपेट में आने से करीब 45 साल के एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई। रोहाना पुलिस को घटना की सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। जानकारी के मुताबिक, यह हादसा रेलवे लाइन संख्या 132/29 पर बड़कली रेलवे क्रॉसिंग से मलीरा की तरफ हुआ। सुबह रेलवे लाइन के पास एक व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया और शव को अपने कब्जे में लिया। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और मृतक की पहचान कराने की कोशिश कर रही है। रोहाना चौकी प्रभारी मोहित कुमार ने बताया कि सुबह सूचना मिलते ही पुलिस टीम को मौके पर भेजा गया था। ट्रेन की चपेट में आने से करीब 45 साल के व्यक्ति की मौत हुई है। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस पहचान के लिए कोशिश कर रही है और नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जा रही है।



ट्रैक्टर-ट्रॉले में जा घुसी आई-10, चालक के सिर के हुए दो टुकड़े

मुजफ्फरनगर,14 सितंबर (बु.)। आए दिन सड़कों पर भयावह हादसे सामने आ रहे हैं। न ही तो आम आदमी अपनी गति पर नियंत्रण रख रहा है और आधे से अधिक लोग नियमों का पालन करके नहीं चलते, जिसका परिणाम अंत में मौत के मुंह में जाने वाला होता है। रतनपुरी में ऐसा ही एक हादसा सामने आया, जिसमें गीता कॉलोनी, पूर्वी दिल्ली के निवासी एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गयी। बताया जाता है कि उक्त व्यक्ति मेरठ से मुजफ्फरनगर की ओर जा रहा था, तभी उसकी आई-10 गाड़ी पीछे से ट्रैक्टर-ट्रॉली में जा घुसी। मृतक का सिर देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि गाड़ी की रफ्तार कितनी होगी? क्योंकि घटना में व्यक्ति सिर के दो टुकड़े हुए साफ दिखाई दे रहे हैं। रात्रि 21:45 मिनट पर यह हादसा हुआ। बताया जाता है कि गाड़ी में दो लोग सवार थे, जिसमें घटनास्थल पर एक आधार कार्ड पर जसप्रीत सिंह पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी गीता कॉलोनी पूर्वी दिल्ली का मिला है। उक्त घटना खतौली राष्ट्रीय राजमार्ग अंडरपास के ऊपर की है। पुलिस का बताना है कि उन्होंने तत्काल खतौली सीएचसी में दोनों को भर्ती कराया मगर दोनों में से एक की मौत मौके पर ही हो चुकी थी। घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दी जा चुकी है।





MG NAMAHA
MUZAFFARNAGAR

YOU ARE CORDIALLY INVITED
TO THE LAUNCH OF

DRIVEN BY TOMORROW

INTRODUCING
HECTOR TOMAHAWK EV
— PLUG-IN TO THE FUTURE —

The Future Is Electric

BaaS* RANGE STARTS AT
₹13.99* LAKH
+ BATTERY RENTAL @ ₹4.9*/KM

Be among the first to witness the next chapter in electric mobility.
Join us for an exclusive launch event of the MG Hector Tomahawk EV
and experience innovation, performance and luxury like never before.

CHIEF GUEST
ANKUR DUA
Chief Editor and Owner of the Muzaffarnagar Bulletin

WEDNESDAY
16 SEPTMBER 2026
12:00 PM ONWARDS

MG NAMAHA
Jansath Road,
Muzaffarnagar

RANGE 517* KM | BATTERY 69.2 kWh | 0-100 KM/H JUST 8.2 SECONDS

*T&C apply.

BEST-IN-SEGMENT SPACE | INDIA'S FIRST CAR WITH VEHICLE-TO-HOME (V2H) | INDIA'S FIRST GEN AI WITH KARAOKE | COCKPIT SUNROOF

EXPERIENCE THE FUTURE. ONLY AT MG NAMAHA

MG NAMAHA AUTO
Jansath Road, Muzaffarnagar
7037050201/02/03/04
For Any Enquiry, Please Contact Us

























गणपति बप्पा जयकारों के साथ स्वर्ण रथ पर दर्शन के लिए निकले

- गणपति खाटू श्याम धाम की भव्य शोभायात्रा में शामिल रहीं सुंदर तस्वीरें - नई मंडी बड़ी धर्मशाला समेत तमाम मंदिरों व घरों में भी हुई गणपति की स्थापना

मुजफ्फरनगर,14 सितंबर (बु.)। भगवान गणपति जन्मोत्सव पर आज गणपति बप्पा मोरया, मंगल मूर्ति मोरया के घोष के साथ नगर में जहां घरों में गणपति स्थापना की गई, वहीं तमाम मंदिरों व पांडालों में गणपति स्थापना के साथ पूजा अर्चना की गई। मुख्य आयोजन गणपति खाटू श्याम धाम में हुआ। वहां सिद्धि विनायक की भव्य शोभायात्रा निकाली गई और मंत्रोच्चार के बीच गणपति विराजित किए गए। शोभायात्रा का शुभारंभ मुजफ्फरनगर बुलेटिन के संपादक अंकुर दुआ, राज्यमंत्री कपिलदेव अग्रवाल व जिलाधिकारी उमेश मिश्रा के साथ नगर के प्रमुख उद्यमियों व समाजसेवियों ने पूजा अर्चना के साथ किया। सात दिवसीय गणपति जन्मोत्सव की शुरूआत आज गणपति स्थापना के साथ हुई। नई मंडी मे भरतिया कॉलोनी स्थित श्री गणपति खाटू श्याम धाम में श्री





सिद्धिविनायक भगवान गणपति जी के जन्मोत्सव का शुभारंभ भव्य शोभायात्रा के साथ हुआ। सुबह के समय मंदिर प्रांगण में भगवान गणपति की पूजा अर्चना मुजफ्फरनगर बुलेटिन के संपादक अंकुर दुआ, राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉक्टर वीरपाल निर्वाल, नगर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप, पूर्व विधायक अशोक कंसल, वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव स्वरूप, उद्यमी राकेश बिंदल, सतीश गोयल, रामकुमार सर्राफ, व्यापारी नेता संजय मित्तल, अंकित बिंदल, राजेश जैन, रघुराज गर्ग, श्रवण गर्ग, कुश पुरी आदि ने की। मंदिर कमेटी के भीमसेन कंसल, अशोक गर्ग, अनिल गोयल, रजत राठी, रजत गोयल, जेपी गोयल, विकास कन्नू, सोम प्रकाश कुच्छल, अम्बरीश सिंघल, मन्नी व राहुल आदि ने गणपति बप्पा मोरया के घोष के साथ गणपति का स्वागत किया। इसके बाद गणपति स्वर्ण रथ पर विराजित होकर निकले। बैंड की धुन पर भक्ति गीतों के साथ श्रद्धालुओं के जयकारों से आसमान गूंज उठा। इस शोभायात्रा में गीता का उपदेश देते हुए भगवान विष्णु का विराट रूप, महाकाल, हनुमान जी महाराज, नादिया पर सवार शिव पार्वती और मीराबाई की झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र बनीं। दोपहर बाद मंदिर प्रांगण में गणपति जी की स्थापना के साथ पूजा अर्चना की गई। इसमें सात दिन तक गणपति का विभिन्न भोगों के साथ अभिषेक होगा। इसमें यजमान देवेंद्र अरोरा नंदी, अजय तायल, वरिष्ठ पत्रकार ऋषिराज राही, निशांत कुच्छल, अश्वनी मित्तल आदि ने पूजन कराया। नई मंडी की वकील रोड पर स्थित बड़ी धर्मशाला में 22 सितंबर चलने वाले गणपति जन्मोत्सव में आज प्रातः काल में जय माँ शक्ति मंदिर पटेलनगर से समिति के प्रमुख सदस्यों द्वारा बड़ी धर्मशाला में श्री गणेश जी की भव्य प्रतिमा स्थापना के साथ कलश स्थापित किए गए। भगवान श्री गणेश जी की प्रतिमा स्थापना और विधि विधान से पूजन और आरती का कार्य प्रसिद्धि विद्वान पंडित अवधराज आचार्य द्वारा सम्पन्न कराया गया हैं। प्रातः काल के इस धार्मिक आयोजन में श्री सिद्धि विनायक गणेश जन्मोत्सव समिति के संस्थापक संजय कुमार गर्ग, अध्यक्ष रामपाल तायल, उपाध्यक्ष पंकज सिंघल उर्फ बॉबी, सचिव समकित जैन, नितिन गोयल, उपसचिव देशपाल, संजय अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सुनील अग्रवाल, मंत्री देवेंद्र कुमार बंसल, विनय कुमार मित्तल, संगठन मंत्री विपिन पाल, पवन कुमार, भण्डार मंत्री सचेंद्र मित्तल, संजय अग्रवाल व ऑडिटर सी.ए अमित



कुमार सभी सपत्नी और सपरिवार शामिल हुए। नगर के विभिन्न मंदिरों के साथ घरों में भी गणपति स्थापना के साथ जन्मोत्सव पर गणपति को मोदक का भोग लगाया गया। यह आयोजन 22 सितंबर तक चलेंगे। इसके बाद गणपति विसर्जन किया जाएगा।

आपका आज का राशिफल

मंगलवार, 15 सितम्बर, 2026

मेष- दिनचर्या व्यवस्थित, नौकरी में पदोन्नति, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का अवसर, परोपकार की भावना जागृत, अपने स्तर को बनाये रखने के लिए व्यय।

वृषभ- चिरवांछित कार्य बनने को, सफलता हेतु विचार-विमर्श, पठन-पाठन में रुचि, आय के नवीन स्रोत, व्यक्तित्व का विकास, अधिकारी वर्ग से सहयोग, लाभ भी।

मिथुन- आज दिन 6/39 बजे तक प्रतिकूलता, योजना अधूरी, समस्याओं से उलझनें, शेष समय बेहतर, व्यापारिक विस्तार, आहार-विहार में नवीनता, विरोधी परास्त।

कर्क- आज दिन 6/39 बजे तक अनुकूलता, आत्मबल में वृद्धि, सुयश की प्राप्ति, प्रसन्नता, शेष समय व्यवधानकारक, स्वास्थ्य में शिथिलता, कार्यों में निराशा।

सिंह- मनोवांछित कार्यों में सफलता, विवाद का समापन, प्रतियोगिता में अनुकूलता, विशिष्टजनों से सम्पर्क, राजकीय पक्ष से लाभान्वित, आमोद प्रमोद में व्यय।

कन्या- आर्थिक व्यावसायिक पक्ष में लाभ का सुअवसर, पारिवारिक दायित्व की पूर्ति, पारस्परिक सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, धर्म अध्यात्म की ओर रुझान, यात्रा सुखद।

तुला- आज दिन 6/39 बजे तक अड़चनें, व्यावसायिक विफलता, शारीरिक कष्ट, तनाव, शेष समय प्रगतिकारक, अधूरे कार्य पूर्ण, आपसी सद्भाव, संत समागम।

वृश्चिक- आज दिन 6/39 बजे तक सफलता का मार्ग प्रशस्त, आरोग्य सुख, मन प्रसन्न, शेष समय विपरीत, आर्थिक हानि संभव, विवाद से नुकसान, मित्रों से असहयोग।

धनु- अभीष्ट सिद्धि, स्वास्थ्य में सुधार, शुभ भावनाओं का उदय, राजनैतिक गति-विधियों में वृद्धि, वैमनस्यता में कमी, शत्रु परास्त, वैवाहिक जीवन मधुर।

मकर- किसी योजना की पूर्ति हेतु प्रयत्नशील, मांगलिक आयोजन सम्पादित, दूसरों के आश्वासनों से राहत, स्थान परिवर्तन का कार्यक्रम, समझदारी से हानि का बचाव।

कुम्भ- आज दिन 6/39 बजे तक समय अशुभ, कार्यों में अड़चनें, विरोधी प्रभावी, शेष समय बेहतर, समस्याओं का समाधान, उत्तरदायित्व का निर्वाह, धनागम।

मीन- आज दिन 6/39 बजे तक समय शुभ, आर्थिक उन्नति, महत्वपूर्ण उपलब्धि, हर्ष भी, शेष समय असंतोषजनक, जोखिम से नुकसान, प्रतिष्ठा पर आघात।

भोपा पुलिस पर आरोपियों को संरक्षण देने का आरोप

- पीड़िता ने एसएसपी से लगाई गिरफ्तारी की गुहार

भोपा, 14 सितम्बर (बु.)। सरकारी महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता के साथ अभद्रता और धमकी के मामले में न्यायालय द्वारा गैर जमानती वारंट जारी करने के बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी ना होने के बाद पीड़िता ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को शिकायती-पत्र भेजकर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। मुजफ्फरनगर निवासी रचना शर्मा ने 2021 में थाना भोपा पर मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया था कि पीड़िता स्वास्थ्य विभाग ब्लाक मोरना के अन्तर्गत उपकेन्द्र सीकरी पर महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता के पद पर तैनात थी। आरोप है कि सीकरी ग्राम प्रधान राजेन्द्र व उसका भाई राजू पुत्र राजपाल करीब 10-15 दिनों से उसे अपने हिसाब से काम करने की धमकी देते हुए गांव में नौकरी नहीं करने देने और ट्रांसफर करवा देंने की धमकी दे रहे थे। आरोप है कि एक दिन दोनों भाई स्वास्थ्य केन्द्र पर आये और उसकी सरकारी कुर्सी में लात मार दी, जिससे वह गिर गई और कुर्सी टूट गई। साथ ही दोनों आरोपियों ने सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न की और जान से मारने की धमकी दी। गुरुवार को पीड़िता रचना शर्मा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुजफ्फरनगर के कार्यालय पर पहुंची और प्रार्थना-पत्र देकर बताया कि मुकदमे में राजेन्द्र और राजपाल के खिलाफ न्यायालय द्वारा गैर जमानती वारंट जारी किए गए हैं तथा राजेंद्र के खिलाफ 3 दिसंबर को को 82 सीआरपीसी की कार्रवाई भी अमल में लाई गई है और लगातार दो-तीन बार गैर जमानती वारंट थाना भोपा पर भेजा जा चुका है। पीड़िता का आरोप है कि इसके बावजूद थाना भोपा पुलिस उक्त दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार नहीं कर रही है, जबकि उक्त ग्राम प्रधान लगातार गांव में ही रहता है तथा सीकरी पुलिस चौकी व थाना भोपा पर भी आता-जाता रहता है। पीड़िता ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से दोनों आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार किए जाने की मांग की है।









सनातन धर्म सभा भवन में गणपति जन्मोत्सव धूमधाम से प्रारंभ

मुजफ्फरनगर,14 सितंबर (बु.)। सनातन धर्म सभा भवन में 46 वां श्री गणेश जन्मोत्सव आज धूमधाम से शुरू हुआ।

इसमें मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ अधिवक्ता एनके अरोरा व बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ ने पूजा अर्चना की। सोमवार 14 सितम्बर से रविवार 20 सितम्बर 2026 तक चलने वाले गणपति जन्मोत्सव में मुख्य अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता एनके अरोरा ने पूजा अर्चना की। सनातन धर्म सभा निकट झांसी की रानी पर गणपति पंडाल में स्वर्गीय पं. राज भारद्वाज के पुत्र पं. कृष्णा भारद्वाज के सानिध्य में आयोजित गणपति महोत्सव में आज गणपति स्थापना के साथ पूजा अर्चना प्रारंभ हो गई। श्री गणेश महोत्सव समिति एवं समस्त श्रद्धालु भक्तजनों द्वारा आयोजित कार्यक्रम में आज की आरती में मुख्य रूप से बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ, एडवोकेट एन के अरोरा रहे। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने इस उत्सव में भाग लिया।

वन विभाग की कार्रवाई से सेंचुरी क्षेत्र में मचा हड़कंप

- नौ बाइक और मछली पकड़ने के कांटे बरामद

भोपा, 14 सितम्बर (बु.)। हस्तिनापुर सेंचुरी क्षेत्र में अवैध रूप से मछलियों का शिकार करने वालों पर वन विभाग की बड़ी कार्रवाई से हड़कंप मच गया। वन विभाग की टीम को देखकर शिकारी मौके से फरार हो गए, लेकिन टीम ने मौके से भारी मात्रा में मछली पकड़ने के कांटे और नौ बाइकों को बरामद कर कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है। मोरना रेंज के वन क्षेत्राधिकारी रविकांत ने जानकारी देते हुए बताया कि दो दिन पूर्व वन कर्मी गांव धारीवाला सेंचुरी क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें झील किनारे कुछ लोग मछली पकड़ते हुए दिखाई दिए। वन कर्मियों ने तुरंत इसकी सूचना रेंज कार्यालय को दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। टीम को आता देख मछली पकड़ने वाले हड़बड़ा गए और अपने मछली पकड़ने वाले कांटे और बाइक वहीं छोड़कर जंगल की तरफ फरार हो गए। वन विभाग की टीम ने मौके पर सर्च अभियान चलाया और भारी संख्या में मछली पकड़ने के कांटे बरामद किए। साथ ही मौके पर खड़ी नौ बाइकों को भी कब्जे में लेकर सीज कर दिया गया है। वन क्षेत्राधिकारी रविकांत ने बताया कि सेंचुरी क्षेत्र में किसी भी तरह का शिकार पूरी तरह प्रतिबंधित है। आरोपियों की पहचान की जा रही है और उनके खिलाफ वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।



आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ ने 18 हजार रुपए मानदेय सीधे खातों में भेजने की मांग की

मुजफ्फरनगर,14 सितंबर (बु.)। महिला आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ ने आज विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन दिया। संगठन की जिलाध्यक्ष कृष्णा प्रजापति के नेतृत्व में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। इस मौके पर खतौली ब्लॉक अध्यक्ष उमा रानी की अध्यक्षता व पुरकाजी ब्लॉक अध्यक्ष राम दुलारी के संचालन में दिए ज्ञापन में कहा गया है कि उनका मानदेय बढ़ाकर बारह हजार करने के अलावा ढाई हजार रुपए प्रोत्साहन राशि जो विभागीय अधिकारी के खाते में आती है आज तक किसी को नहीं मिली। उन्होंने मानदेय 18000 रुपए करते हुए सीधे खातों में भुगतान की व्यवस्था की मांग की। प्रदर्शन में कमलेश शर्मा, सोनिया, मुकेश, पूनम चौधरी, रीतू, उमेश त्यागी, सतबीरी, प्रतिभा त्यागी, कुसुमलता, चंद्रकांता,सविता, मनुज, गीता, अनीता व शशि आदि उपस्थित रहे।



मेला देखने आए व्यक्ति की बाइक चोरी

खतौली, 14 सितम्बर (बु.)। गांव से खतौली में श्रावणी मेला देखने आए व्यक्ति की अज्ञात चोर बाइक चोरी कर ले गए। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गांव बुआड़ा कलां निवासी हरीश पुत्र कालूराम खतौली में श्रावणी मेला देखने गांव से बाइक द्वारा आया था। बताया जाता है कि अपनी बाइक को मेले के गेट के निकट सड़क किनारे खड़ी कर हरीश मेला देखने चला गया।

कुछ घंटे बाद जब हरीश मेला देखकर वापस लौटा तो गेट के पास अपनी बाइक गायब देख उसके होश उड़ गए। काफी तलाश करने के बाद भी बाइक का कोई सुराग नहीं लग पाया। पीड़ित हरीश द्वारा कोतवाली में तहरीर देकर उसकी बाइक बरामद कराये जाने की गुहार लगाई है।

हिंदी दिवस के अवसर पर नीव इंटरनेशनल एवं लिटिल मैनर विद्यालयों में विविध कार्यक्रम आयोजित

मुजफ्फरनगर, 14 सितम्बर (बुस.)। हिंदी दिवस के अवसर पर नीव इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल एवं लिटिल मैनर विद्यालयों में हिंदी भाषा के प्रति प्रेम, सम्मान और गौरव की भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों को हिंदी भाषा के महत्व, उसकी समृद्धता तथा हमारे दैनिक जीवन में उसकी उपयोगिता के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को बताया गया कि हिंदी केवल एक भाषा नहीं, बल्कि हमारी भावनाओं, संस्कृति और विचारों को अभिव्यक्त करने का सशक्त माध्यम है। बच्चों को प्रेरित किया गया कि उन्हें हिंदी बोलने में गर्व महसूस करना चाहिए और अपने दैनिक जीवन में अधिक से अधिक हिंदी शब्दों का प्रयोग करना चाहिए। शिक्षकों ने बच्चों को बताया कि हिंदी विश्व की प्रमुख भाषाओं में से एक है और वर्तमान में यह दुनिया में सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषाओं में तीसरे स्थान पर



मानी जाती है। इसलिए हिंदी भाषी होने पर हमें गर्व होना चाहिए। अध्यापिकाओं ने विद्यार्थियों को समझाया कि हिंदी एक वैज्ञानिक एवं सरल भाषा है। हिंदी का शब्दकोश अत्यंत विशाल और समृद्ध है, जिसमें संस्कृत, प्राकृत, अपभ्रंश तथा अनेक भारतीय एवं विदेशी भाषाओं से आए शब्दों का सुंदर समावेश देखने को मिलता है। इस अवसर पर विद्यालय में आयोजित हिंदी परिचय प्रतियोगिता में अर्श त्यागी, शाहजेन, प्रिशा अरोड़ा, अधिराज, आरोही, आदित, शौर्य, सेहर, विराज सहित अनेक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। नन्हे विद्यार्थियों ने हिंदी में अपना नाम, कक्षा, रुचियां एवं अपने बारे में अन्य बातें आत्मविश्वास के साथ प्रस्तुत कीं। बच्चों की सहजता, आत्मविश्वास और हिंदी के प्रति उत्साह ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यापिकाओं शालिनी शर्मा, साक्षी जैन, राधिका अरोड़ा, मेहक अरोड़ा, वृंदा गोयल, तान्या अरोड़ा सहित विद्यालय के अन्य स्टाफ सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई। विद्यालय के प्रधानाचार्य रोहित गर्ग, शिम्पी कपूर एवं शिल्पी बक्शी ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों में भाषा के प्रति प्रेम और आत्मविश्वास विकसित करना शिक्षा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। प्रधानाचार्यों ने विद्यालय के मैनेजिंग ट्रस्टी अंकुर गोयल के मार्गदर्शन की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में विद्यालयों में शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, भारतीय संस्कृति एवं मूल्यों को विशेष महत्व दिया जाता है। इस प्रकार हिंदी दिवस ने विद्यार्थियों में अपनी भाषा के प्रति प्रेम, सम्मान और आत्मविश्वास की भावना को और अधिक मजबूत किया।

सिखेड़ा पुलिस ने दो वारंटियों को दबोचा

- नफीस और ब्रह्मपाल के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी थे

सिखेड़ा, 14 सितम्बर (बु.)। एसएसपी के निर्देश पर सिखेड़ा पुलिस ने दो वारंटियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने नफीस और ब्रह्मपाल को उनके गांव स्थित मकानों से पकड़ा। दोनों को आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष जोगिंदर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने पहली कार्रवाई ग्राम धंधेड़ा में की। यहां से नफीस पुत्र दीन मोहम्मद को गिरफ्तार किया गया। नफीस धंधेड़ा गांव, थाना सिखेड़ा का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार, उसके खिलाफ मुजफ्फरनगर की अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट संख्या-1 में सीएस एक्ट की धारा 3/5/8 के तहत एक मामला चल रहा है। यह मामला



थाना मंसूरपुर से जुड़ा है और कोर्ट ने उसके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया था। दूसरी कार्रवाई ग्राम बहादरपुर में हुई, जहां से ब्रह्मपाल पुत्र कलीराम को पकड़ा गया। ब्रह्मपाल बहादरपुर गांव, थाना सिखेड़ा का निवासी है। पुलिस के मुताबिक, उसके खिलाफ मुजफ्फरनगर की अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (गैंगस्टर एक्ट) कोर्ट संख्या-05 में गैंगस्टर एक्ट की धारा 2/3 के तहत मामला दर्ज है। इस मामले में भी कोर्ट ने गैर-जमानती वारंट जारी किया था। वारंटियों को गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक फरीद अहमद, उपनिरीक्षक मांगेराम कर्दम, हेड कांस्टेबल शिवकुमार, कांस्टेबल नरेश कुमार, अश्विनी फौजदार, आकाश प्रताप सिंह और महिला कांस्टेबल राखी शामिल थीं।



संस्थापक सम्पादक
एवं
हमारे प्रेरणास्रोत्र
स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।

सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



1973-2026

सम्पादक की क़लम से

भारत ने क्रिकेट-हॉकी में एशिया कप जीते

खेल जगत से अच्छी खबरें आयी हैं। भारतीय सीनियर-जूनियर महिलाओं ने क्रिकेट-हॉकी में एशिया कप जीत लिये हैं। भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने भी छठी बार जूनियर एशिया कप के खिताब पर कब्जा जमाया। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार खेल दिखाया। उसका मुकाबला फाइनल में श्रीलंका से हुआ। एशिया कप 2026 के फाइनल में भारत ने श्रीलंका को हराकर खिताब जीत लिया है। इस मैच के बाद फिर पाकिस्तान की किरकिरी हुई। एशियन क्रिकेट काउंसिल और पीसीबी प्रमुख मोहसिन नकवी से भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने ट्रॉफी लेने से मना कर दिया। हॉकी में भी इंडियन जूनियर महिला हॉकी टीम ने शानदार खेल दिखाते हुए लगातार तीसरी बार एशिया कप अपने नाम कर लिया है। सभी टीमों को राष्ट्रपति और प्रधानमन्त्री ने बधाई दी है। महिला क्रिकेट एशिया कप खिताब, भारत का 8वां खिताब है। इंडियन जूनियर महिला हॉकी टीम ने चीन में खेले गए एशिया कप फाइनल में मेजबान टीम चीन को 1-0 से हराया। इस जीत के साथ टीम ने जूनियर महिला हॉकी वर्ल्ड कप के लिए भी क्वालिफाई कर लिया है। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में फाइनल में श्रीलंक को 72 रनों के बड़े अंतर से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 183 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया था। 183 रनों को डिफेंड करते हुए भारत की शुरूआत अच्छी हुई थी, क्रांति गौड़ ने पहले ही ओवर में इमेशा दुलानी को आउट किया था, हालांकि इसके बाद अट्टापट्टू और विश्मी गुनारत्ने ने दूसरे विकेट के लिए अर्धशतकीय साझेदारी कर पारी को संभाला, तब लग रहा था कि ये मुकाबला टक्कर का हो सकता है, लेकिन वो रनों की गति को नहीं बढ़ा सके और इस जोड़ी के टूटने के बाद श्रीलंका की पारी बिखर गई। अट्टापट्टू ने 32 गेंदों में 2 छक्के और 4 चौकों की मदद से 36 रन बनाए। विश्मी ने 20 रन बनाए। दोनों को दीप्ति शर्मा ने आउट किया।श्री चरणी ने गेंदबाजी से कहर बरपाया, जिन्होंने 14 वें ओवर में हर्षिता माधवी को आउट किया। इसके बाद उन्होंने 16वें ओवर में कविषा दिलहरी और नीलाक्षी डीसिल्वा को आउट कर भारत की जीत कंफर्म कर दी। सुगंदिका कुमारी के रूप में उन्होंने अपना चौथा विकेट लिया।आखिरी ओवर की अंतिम गेंद पर दीप्ति ने कौशानी नुथ्यंगना को आउट कर श्रीलंका को ऑल आउट किया। श्रीलंका की पूरी टीम 111 रन बनाकर आउट हो गयी। भारत ने महिला एशिया कप 2026 का फाइनल 72 रनों से जीत लिया। भारत ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी थी। स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा ने ताबड़तोड़ शुरूआत दिलाई थी, दोनों ने पॉवरप्ले में कोई विकेट नहीं गंवाया और बाद में अपना-अपना अर्धशतक जड़ा। दोनों ने पहले विकेट के लिए 129 रन जोड़े, मंधाना ने 39 गेंदों में 59 और शेफाली ने 39 गेंदों में 68 रन बनाए। अंत में रनों की गति कम जरूर हुई, लेकिन भारत ने फिर भी 183 रनों का स्कोर खड़ा कर दिया था। महिला क्रिकेट एशिया कप का खिताब अपने नाम करने के बाद भारतीय टीम का जश्न एक बड़े गतिरोध की भेंट चढ़ गया। मैदान पर खिताबी जीत दर्ज करने के काफी देर बाद भी प्रेजेंटेशन सेरेमनी शुरू नहीं हो सकी, जिससे स्टेडियम में तनावपूर्ण स्थिति देखने को मिली। इस पूरे घटनाक्रम के लिए जिम्मेदार पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष और एशियन क्रिकेट काउंसिल के प्रमुख मोहसिन नकवी रहे। आमतौर पर चैंपियन कप्तान का इंटरव्यू प्रेजेंटेशन के अंत में होता है, लेकिन ब्रॉडकास्टर्स ने स्थिति को देखते हुए भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर का इंटरव्यू पहले ही ले लिया। मैदान पर मौजूद बीसीसीआई सचिव देवाजीत साकिया और उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला खिलाड़ियों के साथ बातचीत करते दिखे और उन्होंने टीम के सदस्यों को अलग से फील्डिंग मेडल प्रदान किए, जिससे इस विवाद की पुष्टि हो गई। विवाद उस वक्त खड़ा हुआ, जब एसीसी अध्यक्ष के रूप में मोहसिन नकवी खिताबी ट्रॉफी सौंपने के लिए मंच पर आने वाले थे। भारतीय टीम और बीसीसीआई ने स्पष्ट कर दिया कि वे पाकिस्तान के गृह मंत्री और पीसीबी चीफ नकवी के हाथों ट्रॉफी स्वीकार नहीं करेंगे। इस असहमति के चलते भारतीय महिला टीम प्रेजेंटेशन एरिया में आने के बजाय ड्रेसिंग रूम में ही डटी रही और समारोह लगभग आधे घंटे से अधिक समय तक ठप पड़ा रहा। नकवी ने श्रीलंकाई कप्तान अटापट्टू को रनर्स-अप का चेक दिया, लेकिन भारतीय टीम ने उनसे ट्रॉफी लेने से इन्कार कर दिया। यह पूरा घटनाक्रम ठीक एक साल पहले हुए उस विवाद की याद ताजा कर गया, जब भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम ने भी इसी मैदान पर नकवी के हाथों ट्रॉफी लेने से इन्कार कर दिया था। साल 2025 में पुरुष एशिया कप का खिताब जीतने के बाद भी सूर्यकुमार यादव की कप्तानी वाली टीम ने नकवी से ट्रॉफी नहीं ली थी, तब भारतीय टीम ने बिना ट्रॉफी के ही हवा में जश्न मनाया था और वह कप आज भी दुबई स्थित एसीसी मुख्यालय ही में रखा हुआ है। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने कहा कि वजह इसके लिए कुछ दूसरी नहीं है। हमारा एक ही मकसद था कि जो पहलगाम में हुआ था, अप्रैल 2025 में उसके बाद हमारी कुछ दिक्कतें उनसे थीं। उसके बाद हमारे पाकिस्तान के साथ रिश्ते खराब हो गए। हम नहीं चाहते थे कि पाकिस्तान के साथ कोई गेम खेलें। बावजूद इसके बसीसीआई ने सेंट्रल गवर्नमेंट की पॉलिसी को फॉलो किया और हम खेले। हमारा भारत का हर खिलाड़ी और हर देशवासी नेशन इज फर्स्ट पॉलिसी अपनाता है। पूरा देश यह मानता है कि हम ऐसे शख्स से ट्रॉफी नहीं लेंगे, जो हमारे देश के खिलाफ युद्ध की बात कहता है। उनसे हम लोग कैसे ट्रॉफी ले सकते है? इसीलिए मेंस के टाइम पर भी जब एशिया कप का चैंपियन भारत हुआ, तो हमने ट्रॉफी नहीं ली और आज महिला दल भी चैंपियन हुआ है, हम ट्रॉफी नहीं लिए। सैकिया ने यह भी बताया कि उन्होंने एसीसी को ऑफर किया था कि ट्रॉफी प्रेजेंट एसीसी के वाइस प्रेसिडेंट कर दें, लेकिन उन्होंने बात नहीं मानी। उन्होंने बताया कि हम लोगों ने अनुरोध किया था कि ये सब कंट्रोवर्सी मत कीजिए, जो टीम जीती है, उनको ट्रॉफी मिलनी चाहिए। बिना किसी विवाद के इस मसअले को हल किया जा सकता था, लेकिन नहीं किया गया, तो ये उनका डोमेन की बात है, तो हम लोग इस पर जोर जबरदस्ती नहीं कर सकते, लेकिन मैं आपको एक ही बात बोलता हूं और सारे भारतवर्ष को बोलता हूं कि ये ट्रॉफी आज नहीं तो कल हमारे यानी बीसीसीआई के कब्ज़र्स में आएगी।

चार तीर

सुनील उत्सव

'गणित' 'रणनीति' 'वक़्त' 'रील'

चाहे जितना गणित बिठालो, गिनती तक।
कैसी भी रणनीति बनाओ, गिनती तक।।
वक़्त तो हो जायेगा प्यारे पास तुम्हारा,
रील बनालो, गाने गालो, गिनती तक।

फाइलों के बीच छिपा था मौत का जहरीला साया, फैली दहशत

भोपा, 14 सितम्बर (बु.)। थाना क्षेत्र के मोरना ब्लॉक परिसर के पास सहकारी खाद सोसायटी की अलमारी में फाइलों के बीच मौत बनकर बैठे जहरीले सांप ने अपना टिफिन रख रहे कर्मचारी को डस लिया, जिसके बाद कर्मचारी की हालत बिगड़ गई। मौके पर पहुंचे सहकर्मियों ने उसे उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया, जहां कर्मचारी की हालत स्थिर बताई गई है।

जहरीले सांप की मौजूदगी के बाद सहकारी समिति के कर्मचारियों में दहशत पसर गई है। भोपा थाना क्षेत्र के भेड़ाहेड़ी गांव निवासी अमित कुमार रोज की तरह सोमवार सुबह 10 बजे मोरना ब्लॉक परिसर के पास स्थित सहकारी समिति के कार्यालय में ड्यूटी पर पहुंचा था। जैसे ही उसने अलमारी खोलकर टिफिन रखना चाहा, तभी अंदर फाइलों के ढेर में बैठे सांप ने उसके हाथ को अपना निशाना बना लिया। कर्मचारी की चीख सुनते ही सोसायटी में हड़कंप मच गया। सहकर्मियों ने हिम्मत दिखाते हुए लहूलुहान अमित को सीधे भोपा सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रैफर कर दिया, जहां उसकी हालत स्थिर बताई गई है। घटना की सूचना पर मोरना रेंज के अधिकारी रविकांत टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घंटों तक अलमारियों को खंगाला, लेकिन जहरीला सांप हाथ नहीं आया। वन विभाग की टीम बैरंग लौट गई। अभी भी सांप की मौजूदगी से कर्मचारियों में दहशत का माहौल है। कर्मचारियों ने बताया कि ब्लॉक परिसर में महीनों से सफाई नहीं हुई है, झाड़ियां उगी हैं फाइलों में दीमक और नमी है, जो जहरीले जीवों का अड्डा बन गई हैं। अगर जल्द साफ-सफाई नहीं हुई तो कोई बड़ी अनहोनी हो सकती है।

भारत की जनगणना-2027: द्वितीय चरण की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक हुई आयोजित



मुजफ्फरनगर, 14 सितंबर (बुस.)। डीएम उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में भारत की जनगणना-2027 के द्वितीय चरण अर्थात जनसंख्या गणना की तैयारियों एवं सफल क्रियान्वयन के संबंध में जिला स्तरीय जनगणना समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनगणना कार्य से संबंधित विभिन्न विभागों द्वारा की जा रही तैयारियों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना देश के सबसे महत्वपूर्ण एवं व्यापक राष्ट्रीय कार्यों में से एक है।

जनगणना से प्राप्त आंकड़े देश एवं प्रदेश के सामाजिक, आर्थिक एवं जनसांख्यिकीय स्वरूप को समझने के साथ-साथ भविष्य की विकास योजनाओं के निर्माण, विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा संसाधनों के वैज्ञानिक एवं सटीक आवंटन में महत्वपूर्ण आधार प्रदान करते हैं। जनगणना-2027 के कार्य को पूर्ण गंभीरता,पारदर्शिता, निष्पक्षता, शुद्धता एवं निर्धारित समयसीमा के भीतर संपन्न कराया जाना आवश्यक है। उन्होंने चार्ज अधिकारियों को निर्देशित किया कि द्वितीय चरण (जनसंख्या गणना) से संबंधित सभी प्रारंभिक गतिविधियों को निर्धारित समयावधि में पूरा किया जाए। जिलाधिकारी ने तहसीलदारों अधिशासी अधिकारी नगर पालिकाओं को निर्देश दिए एक सप्ताह में जनगणना कार्य में लगाए जाने वाले सुपरवाइजर, प्रगणकों, पर्यवेक्षको कार्मिकों की सही सूची बनाकर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जनगणना कार्य में उसी क्षेत्र के कार्मिकों को लगाया जाए, जिस क्षेत्र में वह कार्यरत हो और वह कार्मिक पहले भी गणना में कार्य कर चुके हो। उन्होंने निर्देश दिए कि जहां पर मास्टर ट्रेनरों द्वारा कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया जाए, उसका पहले निरीक्षण कर देख लें कि वहां पर लाइट, प्रोजेक्टर, स्विच बोर्ड, शौचालय, पीने के पानी, साफ सफाई आदि देख लें। उन्होंने कहा कि सुपरवाइजर, प्रगणक पर्यवेक्षक जनगणना कार्य की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। इसलिए यह सुनिश्चित किया जाए कि उन्हें अपने क्षेत्राधिकार, कार्यक्षेत्र, गणना प्रक्रिया एवं तकनीकी उपकरणों के संचालन के संबंध में पूर्ण जानकारी हो जाए। जिलाधिकारी ने जिला स्तर, तहसीलदारों अधिशासी अधिकारी नगर पालिकाओं सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों से कहा कि आपसी समन्वय एवं सहयोग के साथ जनगणना कार्य को सुगम एवं प्रभावी बनाएं। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व)/ जिला जनगणना अधिकारी अनिरुद्ध प्रताप सिंह,, तहसीलदार सदर, अधिशासी अधिकारी नगर पालिकाओं, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, एबीएसए, जिला पंचायत राज अधिकारी, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर सहित जनगणना कार्य से जुड़े अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

एक करोड़ की संपत्ति को लेकर विवाद, एसएसपी से शिकायत

- नगर में मौसी पर फर्जी वसीयत से जमीन-मकान नाम कराने का आरोप



मुजफ्फरनगर, 14 सितम्बर (बुस.)। नगर में कुटबा गांव निवासी विजेंद्र सोमवार दोपहर करीब एक बजे अपने पड़ोसी नीटू और बड़ी संख्या में ग्रामीणों के साथ एसएसपी कार्यालय पहुंचा। विजेंद्र ने अपनी मौसी पर कथित फर्जी वसीयत तैयार कर करीब 8 बीघा जमीन और मकान अपने नाम कराने का आरोप लगाया। पीड़ित पक्ष के मुताबिक, विवादित संपत्ति की बाजार कीमत करीब एक करोड़ रुपये है। उन्होंने दस्तावेजों की जांच कराकर संपत्ति में अपना अधिकार दिलाने की मांग की। विजेंद्र और उसके पड़ोसी नीटू का कहना है कि विजेंद्र के नाना ने उसके बचपन में दत्तक पत्र के जरिए जमीन और मकान उसके नाम किए थे। उनके मुताबिक, नाना की मौत के बाद नानी मौसी के साथ रहने लगीं। इसी दौरान आरोप है कि मौसी ने कथित तौर पर फर्जी वसीयत तैयार कर संपत्ति अपने नाम दर्ज करा ली। पीड़ित पक्ष के अनुसार, विवाद करीब 8 बीघा जमीन और मकान को लेकर है। इनमें से करीब 4 बीघा जमीन पहले ही बेचे जाने का दावा किया गया है। नीटू के मुताबिक, पूरी विवादित संपत्ति की बाजार कीमत करीब एक करोड़ रुपये है। विजेंद्र का कहना है कि संपत्ति में उसका आधा हिस्सा है और उसे उसका अधिकार मिलना चाहिए। विजेंद्र और नीटू ने मौसी के दामाद पर भी धमकाने का आरोप लगाया। उनका दावा है कि मौसी का दामाद राजस्थान के बाड़मेर में पुलिस विभाग में बड़े पद पर तैनात है और उसके प्रभाव तथा कथित फोन कॉल के जरिए विजेंद्र को डराने का प्रयास किया जा रहा है। पीड़ित पक्ष ने जान से मारने की धमकी मिलने का भी आरोप लगाया है। नीटू और विजेंद्र के मुताबिक, करीब चार दिन पहले मौसी की शिकायत पर शाहपुर पुलिस विजेंद्र को थाने ले गई थी। इसकी जानकारी मिलने पर बड़ी संख्या में ग्रामीण थाने पहुंच गए। पीड़ित पक्ष का दावा है कि बाद में विजेंद्र का धारा 151 में चालान किया गया और जमानत पर उसे छोड़ दिया गया। पुलिस कार्रवाई से नाराज विजेंद्र ग्रामीणों के साथ एसएसपी कार्यालय पहुंचा और शिकायत दी। उसने कथित फर्जी वसीयत और संपत्ति से जुड़े दस्तावेजों की जांच कराने की मांग की। पीड़ित पक्ष ने पुलिस के जरिए कथित रूप से डराने-धमकाने और प्रताड़ित किए जाने के आरोपों की भी जांच की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर संपत्ति विवाद का कानूनी तरीके से समाधान किया जाना चाहिए।

दो नलकूपों से मोटर और बिजली के तार चोरी

- कान्हाहेड़ी गांव में वारदात, अज्ञात चोरों पर केस दर्ज

रामराज, 14 सितम्बर (बु.)। चरथावल थाना क्षेत्र के कान्हाहेड़ी गांव में दो नलकूपों से बिजली की मोटर और तार चोरी हो गए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस चोरों की तलाश कर रही है। गांव के अरुण कुमार पुत्र ज्योति प्रसाद ने पुलिस को बताया कि 8 सितंबर की रात अज्ञात चोर उसके नलकूप से 10 एचपी की बिजली मोटर और बिजली के तार चुरा ले गए। इसके बाद चोरों ने पड़ोसी किसान प्रदीप कुमार पुत्र पूरण चंद के नलकूप के कमरे का ताला तोड़ा। वहां से भी बिजली के तार चोरी कर लिए। सुबह जब किसान अपने नलकूपों पर पहुंचे, तो उन्हें चोरी का पता चला। इसकी सूचना चरथावल पुलिस को दी गई। पुलिस ने अरुण कुमार की शिकायत के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। साथ ही, चोरों की पहचान करने और चोरी हुए सामान को बरामद करने की कोशिश कर रही है। चरथावल थाना प्रभारी सत्यनारायण दहिया का कहना है कि अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है और जल्द ही उन्हें पकड़ा जाएगा।

जमीनी विवाद में छोटे भाई पर किया हमला

- धारदार हथियार से सिर फोड़ा, घायल ने पुलिस को दी तहरीर



सिखेड़ा, 14 सितम्बर (बु.)। जानसठ के थाना सिखेड़ा क्षेत्र के गांव सिखेड़ा में जमीनी विवाद को लेकर दो सगे भाइयों के बीच मारपीट हो गई। आरोप है कि बड़े भाई ने छोटे भाई के सिर पर धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। घायल अंकित पुत्र जितेंद्र ने थाना सिखेड़ा पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी है। अंकित ने आरोप लगाया कि वह अपने खेत पर गया था, जहां उसका बड़ा भाई नितेश भी मौजूद था। खेत में जाने को लेकर दोनों भाइयों के बीच कहासुनी हो गई। अंकित के अनुसार, कहासुनी बढ़ने पर नितेश ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। उसने धारदार हथियार से अंकित के सिर पर हमला कर दिया, जिससे अंकित घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद अंकित ने थाना सिखेड़ा पहुंचकर पुलिस को पूरी बात बताई और कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने घायल अंकित को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जानसठ भेजा। सीओ नई मंडी राजू साव ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद जरूरी कार्रवाई की जाएगी।

JOB/VACANCY
FOR FACULTY
Knowledge Required
MS OFFICE,
TALLY
PRATIBHA
COMPUTER
Dal Mandi | New Mandi
Ph. 9719728421

राजमंदिर बैंक्वेट हॉल
विवाह, रिंग- सेरेमनी, सगाई,
रिसेप्शन, बर्थ-डे व अन्य कार्यक्रम
नोटः- भजन संध्या, तेरहवीं व मीटिंग के लिये सेवा शुल्क रुपये 31,000/- मात्र
पताः- भोपा रोड, मुजफ्फरनगर
सम्पर्क सूत्रः- 9837138610, 8433174678, 9307139968

दबंगों पर जमीन कब्जाने का आरोप, एसएसपी से गुहार

- कब्जामुक्त की अपील पर मां-बेटी को जान से मारने की धमकी



मुजफ्फरनगर, 14 सितम्बर (बु.)। नगर में खतौली तहसील क्षेत्र के मीरापुर खुर्द गांव में एक युवती ने अपनी करीब साढ़े चार बीघा कृषि भूमि पर कथित रूप से कब्जा किए जाने की शिकायत एसएसपी से की है। सोमवार अपराह्न करीब 3 बजे पुलिस कार्यालय पहुंची सारिका ने एसएसपी के नाम दिए प्रार्थना-पत्र में गांव के ही एक व्यक्ति पर कई वर्षों से उसकी जमीन पर कथित रूप से कब्जा कर खेती करने का आरोप लगाया है। युवती ने जमीन खाली कराने और धमकी देने के मामले में जांच कर कार्रवाई की मांग की है। सारिका के मुताबिक, मीरापुर खुर्द में खसरा नंबर 135 और खाता संख्या 29 में कुल रकबा 4.1580 हेक्टेयर है। शिकायतकर्ता ने प्रार्थना-पत्र में बताया कि इस खसरे में करीब साढ़े चार बीघा भूमि पर वह संक्रमणीय भूमिधर के रूप में दर्ज है। आरोप है कि बबलू नाम के व्यक्ति ने कई वर्षों से उसकी जमीन पर कब्जा कर रखा है और उस पर खेती कर रहा है। सारिका ने आरोप लगाया कि उसने कई बार बबलू से अपनी जमीन खाली करने के लिए कहा, लेकिन कब्जा हटाने के बजाय वह उसे और उसकी मां को जान से मारने की धमकी देता है। युवती का कहना है कि आरोपी कथित तौर पर धमकाता है कि उसके खिलाफ कोई कार्रवाई कराई गई तो वह उसे जान से मार देगा। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसकी जमीन पर कथित कब्जे के बावजूद उसे जमीन के उपयोग या खेती के बदले किसी तरह का भुगतान नहीं किया जा रहा है। उसके अनुसार, वह कई बार जमीन से कब्जा हटवाने का प्रयास कर चुकी है, लेकिन अब तक उसे अपनी भूमि पर कब्जा नहीं मिल सका है। सारिका ने एसएसपी को दिए प्रार्थना-पत्र में यह भी बताया कि उसने 27 अप्रैल 2026 को इस मामले में पहले भी शिकायत की थी। हालांकि, उसके अनुसार उस शिकायत पर अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उसने सोमवार को दोबारा एसएसपी कार्यालय पहुंचकर शिकायत की और पुलिस से मामले में हस्तक्षेप की मांग की। पीड़िता ने मांग की है कि पुलिस टीम को मौके पर भेजकर मामले की जांच कराई जाए। यदि आरोप सही पाए जाते हैं, तो कथित कब्जा हटवाकर उसे उसकी जमीन पर कब्जा दिलाया जाए। साथ ही धमकी समेत अन्य आरोपों की जांच कर आरोपी के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाए।

आवश्यक सूचना
सिंघल नर्सिंग होम
डॉ. हेमी सिंघल
M.B.B.S. (MAMC), DGO (LHMC)
Diplomate American Board of Family Medicine
Diplomate American Board of Obesity Medicine
PG Diploma Diabetes & Endocrinology (UK)
Consultant Endocrinologist & Weight Loss Specialist
दिनांक 16-09-2026, दिन -बुधवार को
डॉ. हेमी सिंघल
शुगर, थाइरोइड, Pcos, मैडिकल वेटलॉस
B.P., कोलेस्ट्रॉल आदि के मरीजों को देखेंगी।
नाम लिखवाने के लिए सम्पर्क करें
सिंघल नर्सिंग होम
कम्पनी बाग के सामने, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर
M.9837082912, 8800567610
समयः- प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक

मुजफ्फरनगर से काशीपुर जा रहा डंपर डिवाइडर पर चढ़ा



जानसठ, 14 सितम्बर (बु.)। मुजफ्फरनगर से काशीपुर की ओर जा रहा एक डंपर ट्रक सोमवार सुबह जानसठ में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हाइवे पर चेनज संख्या 114.540 के पास यह हादसा हुआ। अनियंत्रित डंपर सड़क के डिवाइडर पर चढ़ गया और काफी दूर तक जाने के बाद वहीं रुक गया। इस हादसे के कारण हाइवे पर कुछ समय के लिए यातायात पर असर पड़ा। दुर्घटनाग्रस्त डंपर का रजिस्ट्रेशन नंबर एचआर-58 डी-3802 है। घटना की सूचना मिलते ही हाइवे की पीवीटी टीम तुरंत मौके पर पहुंची। टीम ने सुरक्षा संभाली और दुर्घटनाग्रस्त वाहन के आसपास जरूरी इंतजाम किए, ताकि दूसरे वाहन चालकों को कोई परेशानी या खतरा न हो। हादसे में डंपर क्षतिग्रस्त हो गया था। डिवाइडर पर खड़े होने के कारण हाइवे पर गाड़ियों की आवाजाही पर असर पड़ रहा था। पीवीटी टीम की देखरेख में हाइड्रा क्रेन की मदद से डंपर को सुरक्षित तरीके से सड़क से हटाया गया और एक सुरक्षित जगह पर खड़ा कर दिया गया। वाहन हटाने के बाद हाइवे को सामान्य यातायात के लिए फिर से खोल दिया गया। पीवीटी टीम की तेजी से दुर्घटना स्थल पर सुरक्षा बनी रही और यातायात भी जल्दी सुचारू हो गया। हादसे में किसी दूसरे वाहन के प्रभावित होने की जानकारी नहीं है।

खतौली में अपंजीकृत क्लीनिक और लैब पर कसा शिकंजा

पीपलहेड़ा, गालिबपुर और अंती में तीन संस्थानों को नोटिस जारी



खतौली, 14 सितम्बर (बु.)। जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने अपंजीकृत और अवैध रूप से चिकित्सा सेवाएं प्रदान कर रहे संस्थानों के खिलाफ एक बड़ा और सघन जांच अभियान शुरू किया है। स्वास्थ्य विभाग की एक विशेष टीम ने खतौली ग्रामीण क्षेत्र के विभिन्न गांवों में स्थित क्लीनिकों और लैबों की गहन पड़ताल की गई। ब्लॉक प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. अवनीश कुमार सिंह की अगुवाई में इस टीम ने ग्राम पीपलहेड़ा, ग्राम गालिबपुर और ग्राम अंती का दौरा किया। इन तीनों गांवों में चल रहे विभिन्न क्लीनिकों और चिकित्सा प्रतिष्ठानों में जाकर टीम के सदस्यों ने बारीकी से निरीक्षण कर गहन जांच की गई। जांच अधिकारी डॉ. अवनीश कुमार सिंह और उनकी टीम ने मौके पर मौजूद चिकित्सा व्यवस्थाओं को देखा और संचालकों से संस्थान के संचालन से वैध पंजीकरण और वहां कार्यरत संचालकों की शैक्षिक योग्यता से संबंधित अभिलेख की मांगे, तो वे कागज नहीं दे पाए। जांच के दौरान 'कल्याण आयुर्वेदिक सेंटर', 'उपाध्याय क्लीनिक' और 'माधव लैब' के संचालक मौके पर वैध पंजीकरण या अपनी शैक्षिक अहर्ता से जुड़े आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने में विफल रहे। जांच प्रक्रिया के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम ने संचालकों से उनके वैध पंजीकरण से संबंधित प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने को कहा। इसके साथ ही वहां इलाज या जांच कर रहे लोगों की शैक्षणिक योग्यता यानी शैक्षिक अहर्ता अभिलेखों की भी जांच की गई। जांच टीम द्वारा संस्थानों के संचालन और उनके द्वारा दी जा रही सेवाओं के संबंध में पूछे गए सवालों का भी वे कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने उपाध्याय क्लिनिक, माधव लैब और कल्याण आयुर्वेदिक सेंटर के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करते हुए उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि बिना वैध पंजीकरण और निर्धारित चिकित्सा योग्यता के स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं का संचालन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसी शिकायतों पर त्वरित और कड़ी कार्रवाई की जा रही है। स्वास्थ्य विभाग ने इन तीनों चिकित्सा संस्थानों के संचालकों को निर्देश दिया है कि वे अपनी शैक्षिक योग्यता और वैध पंजीकरण से संबंधित सभी आवश्यक अभिलेख जल्द से जल्द विभाग के समक्ष प्रस्तुत करें।

जन्मदिन पार्टी में मूक बधिर बच्चे से मारपीट

- गांव के लड़कों ने बच्चे और मां को पीटा - पुलिस पर सुनवाई न करने का आरोप



रामराज, 14 सितम्बर (बु.)। रामराज थाना क्षेत्र के पुट्ठी इब्राहिमपुर गांव में एक मूक बधिर नाबालिग बच्चे से मारपीट का मामला सामने आया है। बच्चे की मां ने गांव के ही कुछ लड़कों पर जन्मदिन की पार्टी में लाठी-डंडों से पीटने का आरोप लगाया है। पुट्ठी इब्राहिमपुर गांव की नीता पत्नी भूपेंद्र ने रामराज थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि शनिवार देर रात उनका मूक बधिर बेटा अंश गांव में एक जन्मदिन की पार्टी में गया था। नीता का आरोप है कि बिना किसी बात के गांव के जोगिंदर पुत्र सुखबीर, मिथिलेश और एक अज्ञात व्यक्ति ने अंश से लाठी-डंडों से मारपीट की। जब नीता ने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की। नीता का कहना है कि उन्होंने रामराज थाने में शिकायत दी है, लेकिन पुलिस उनकी सुनवाई नहीं कर रही है। इस बारे में रामराज थाना प्रभारी ज्ञानेंद्र सिरोही ने बताया कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

चरथावल में नलकूप के बोरिंग में गिरी गाय


- कड़ी मशक्कत के बाद सुरक्षित बाहर निकाला





चरथावल, 14 सितम्बर (बु.)। चरथावल विकासखंड के बलवाखेड़ी गांव में एक नलकूप के बोरिंग में अचानक एक गाय गिर गई। इससे गांव में अफरा-तफरी मच गई। ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड को घटना की जानकारी मिली। उसने तुरंत ग्रामीणों को इसकी सूचना दी। गाय के बोरिंग में गिरने की खबर मिलते ही पशु प्रेमी सन्नी चोपड़ा और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने गाय को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए बचाव कार्य शुरू किया। बोरिंग गहरा होने के कारण गाय को बाहर निकालने में काफी दिक्कत हुई। ग्रामीणों ने आपसी सहयोग से रस्सियों और दूसरे साधनों का इस्तेमाल किया। कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने गाय को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। गाय के बाहर आने पर ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। इस दौरान मौके पर काफी लोग जमा हो गए थे। पशु प्रेमी सन्नी चोपड़ा ने ग्रामीणों के साथ मिलकर बचाव अभियान में सहयोग किया। ग्रामीणों ने समय रहते सूचना देने वाले होमगार्ड की तारीफ की। घटना के बाद गाय को सुरक्षित जगह पर पहुंचाया गया।

हिंदी दिवस को जानने श्रीराम कॉलेज में हिंदी ऑन कैमरा की अनूठी पहल



मुजफ्फरनगर, 14 सितम्बर (बुस.)। हिंदी दिवस के अवसर पर श्रीराम कॉलेज के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा 14 से 19 सितंबर 2026 तक हिंदी दिवस सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। सप्ताह भर चलने वाले इस विशेष आयोजन को रचनात्मक और व्यावहारिक स्वरूप देते हुए विभाग ने हिंदी ऑन कैमरा अभियान शुरू किया है, जिसकी विषय-वस्तु हिंदी की बात, कैमरे के साथ रखी गई है। इस अभियान के अंतर्गत पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विद्यार्थी महाविद्यालय परिसर में विभिन्न विभागों के शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं अन्य सदस्यों से हिंदी से संबंधित विषयों पर संक्षिप्त बातचीत कर रहे हैं। विद्यार्थी स्वयं प्रश्न तैयार कर लोगों से उनके विचार जान रहे हैं और इन बातचीत को कैमरे के माध्यम से दर्ज कर रहे हैं। कार्यक्रम के प्रथम दिन 14 सितंबर को पूरे दिन हिंदी ऑन कैमरा गतिविधि आयोजित की गई। इसके बाद विद्यार्थियों ने महाविद्यालय परिसर में शिक्षकों और विद्यार्थियों से संवाद कर उनके विचार कैमरे में दर्ज किए। दोपहर के बाद पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में हिंदी विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी विभागों के शिक्षक एवं विद्यार्थी भी सहभागी बन रहे हैं। हिंदी ऑन कैमरा की गतिविधियां प्रतिदिन दो घंटे जारी रहेंगी। श्रीराम कॉलेज के व्यवसाय व प्रबंधन विभाग द्वारा हिन्दी दिवस के अवसर पर एक पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. सौरभ मित्तल (उपप्राचार्य) व डॉ. मनोज धीमान (डायरेक्टर ललित कला विभाग) रहे। सभी छात्र-छात्राओं ने अच्छा प्रदर्शन किया जिसके आधार पर प्रथम पुरस्कार - बी.बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा अपर्णा गोयल, द्वितीय पुरस्कार बी.बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा प्रिया वर्मा व तृतीय पुरूस्कार बी.बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्रा पलक मित्तल को मिला। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. अतुल वर्मा ने किया। विभागाध्यक्ष डॉ. विवेक कुमार त्यागी ने कार्यक्रम का समापन करते हुये सभी विजयी प्रतिभागियों को शुभकामनाये दी। सेमिनार को सफल बनाने में डॉ. अतुल वर्मा, हिमांशु वर्मा, पूनम शर्मा, शिवानी शर्मा, जतिन सिंघल, ममता मित्तल, निशू वर्मा, नवीन कुमार, अंकुश रावल, कपिल कुमार, अर्चित कुमार कुमार, तनु त्यागी, स्वाति तायल, मोनिका, नर्मता सिंह और संध्या त्यागी का सहयोग रहा।

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वाद संख्या 383 सन 2024 श्रीमती अंजुम हुसैन बनाम श्री हाजी मिर्जा सैय्यदेन न्यायालय सिविल जज (सि.डि.) मुजफ्फरनगर में विचाराधीन वाद में मैंने जो मुख्तारनामा दिनांक 15/7/2024 आम वाद में पैरवी करने हेतु बहक इमरान अली खाँ पुत्र इशरत अली खाँ निवासी-23, बेरियान जानसठ, मुजफ्फरनगर निष्पादित किया था उसे खण्डन मुख्तारनामा दिनांकित 14/9/2026 द्वारा खण्डित करके निरस्त कर दिया गया।

मिर्जा सईद सैय्यदेन उर्फ मिर्जा सैय्यदेन
पुत्र स्व0 श्री मिर्जा सज्जाद अली खाँ

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः।।
(भगवद्गीता 2.23)
ॐ शांति
अलविदा नहीं... सदा हमारे हृदय में...
आपकी स्मृतियाँ हमारे हृदय में सदा जीवित रहेंगी, आपका स्नेह, आपका मार्गदर्शन सदैव प्रेरणा देता रहेगा।

रस्म पगड़ी
अत्यंत दुःख के साथ सूचित करते हैं कि हमारे पूजनीय एवं आदरणीय
राजन गोयल जी
के निधन के उपरांत उनकी आत्मा की शांति हेतु रस्म पगड़ी का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें आप सभी सादर आमंत्रित हैं।
दिनांक 15-9-2026 दिन मंगलवार
ब्रह्मभोज प्रातः 11:00 बजे
रस्म पगड़ी समय 02:00 बजे
स्थान मयूर महल बैंकट, लिंक रोड, मुजफ्फरनगर
-:शोकाकुल परिवार:-
दीपांशु गोयल (पुत्र)
मुकेश गोयल (भाई)
राकेश गोयल (भाई)
मुकुल गोयल (भतीजा)
यशु गोयल (भतीजा)
ज्योति - विकास बंसल (पुत्री-दामाद)
एवं समस्त गोयल परिवार भोकरहेड़ी वाले
आपका स्नेह हमेशा हमारे साथ रहेगा...
स्मृतियाँ कभी नहीं जाती, बस रुप बदल लेती हैं...

अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

मुजफ्फरनगर, 14 सितम्बर (बु.)। पानीपत-खटीमा बाईपास पर अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से बाइक सवार युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया था। पुलिस ने उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया, जहां उसकी



मौत हो गई। शामली जनपद के गांव कैड़ी निवासी संजय पुत्र पालूराम शनिवार देर रात में रामपुर तिराहे से घर जा रहा था। जैसे ही वह पानीपत-खटीमा बाईपास मार्ग के कल्लरपुर-कछौली कट के पास पहुंचा तो पीछे से तेज गति से आ रहे अज्ञात वाहन चालक ने टक्कर मार दी, जिससे वह गम्भीर घायल हो गया। सूचना पर पहुंची रोहाना पुलिस ने घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मुरादाबाद में फैक्ट्री में लगी भीषण आग

मुरादाबाद, 14 सितंबर (एजेंसी)। मुरादाबाद में सोमवार दोपहर लकड़ी की फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते पूरी फैक्ट्री धू-धूकर जलने लगी। आग की लपटें करीब 20 फीट ऊंची उठ रही थीं। करीब 2 किलोमीटर दूर तक धुएं का गुबार दिखाई दे रहा था। धुआं इतना ज्यादा था कि आसपास के लोगों को घुटन होने लगी। इसके बाद पुलिस ने आसपास का इलाका खाली करा दिया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी डॉ. राजीव कुमार पांडेय ने बताया कि आग की भयावहता को देखते हुए रामपुर से भी दमकल की गाड़ियां बुलानी पड़ीं।

आईएएस दिव्या मित्तल का इस्तीफा स्वीकार

लखनऊ, 14 सितंबर (एजेंसी)। यूपी काडर की वर्ष 2013 बैच की आईएएस अधिकारी दिव्या मित्तल का इस्तीफा स्वीकार हो गया है। केंद्रीय कार्मिक मंत्रालय ने त्यागपत्र स्वीकार करते हुए नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। उनका इस्तीफा 15 सितंबर यानी मंगलवार को प्रभावी माना जाएगा। दिव्या ने 30 अगस्त को व्यक्तिगत कारणों, पारिवारिक प्राथमिकताओं और जीवन के नए लक्ष्यों का हवाला देते हुए स्वेच्छा से प्रशासनिक सेवा से त्यागपत्र देने का निर्णय लिया था। प्रदेश सरकार ने इसे केंद्र सरकार को भेजा दिया था। उनका त्यागपत्र केंद्रीय कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) ने स्वीकार कर लिया है।

महिला की अश्लील वीडियो बनाकर दुष्कर्म

आरोपी ने पीड़िता को ब्लैकमेल कर लाखों रुपए के जेवरात व नकदी हड़पी



मुजफ्फरनगर, 14 सितम्बर (बु.)। छपार थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने पड़ोसी युवक पर अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करते हुए दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। आरोपी ने लगभग डेढ़ साल पहले जब पीड़ित महिला नहा रही थी, तो उसकी अश्लील वीडियो बना ली थी, तभी से आरोपी उसे ब्लैकमेल कर रहा है। महिला को जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

सोमवार को पुलिस कार्यालय पहुंची एक महिला ने प्रार्थना-पत्र देते हुए जानकारी दी कि उसका पति गुरूग्राम में नौकरी करता है। आरोप है कि आरोपी पड़ोसी ने धोखे से उसका नहाते हुए अश्लील वीडियो बना लिया था। आरोपी ने वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर उसे ब्लैकमेल किया। इतना ही नहीं पिछले डेढ़ साल से आरोपी उससे दुष्कर्म भी करता हुआ आ रहा है। आरोप है कि आरोपी ने दुष्कर्म करते हुए भी उसकी अश्लील वीडियो बनाई थी। आरोपी ने उसे ब्लैकमेल कर लाखों रुपए के जेवरात व नकदी भी उससे हड़प ली है। पीड़िता ने बताया कि उसने छपार थाने पर आरोपी के विरुद्ध तहरीर दी थी, लेकिन पुलिस द्वारा इस सम्बंध में कोई कार्रवाई नहीं की गयी। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस अधिकारी ने संज्ञान लेकर जांच कर आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

सो रहा था परिवार, अचानक धमाके के साथ गिरी छत, तीन गंभीर

मुजफ्फरनगर,14 सितंबर (बु.)। थाना नई मंडी क्षेत्र के शेरनगर गांव में देर रात एक मकान की छत अचानक भरभराकर नीचे आ गिरी। हादसे में कमरे के अंदर मौजूद तीन लोग मलबे की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। देर रात शेरनगर गांव में अचानक मकान की पूरी छत भरभराकर नीचे आ गिरी। उस समय परिवार के लोग अपने मकान के भीतर मौजूद थे। छत गिरते ही तेज धमाके जैसी आवाज हुई, जिससे पूरा इलाका थर्रा उठा। आवाज सुनते ही आसपास रहने वाले लोग घबरा गए और अपने घरों से बाहर निकल आए। हादसे के बाद मकान के अंदर भारी मात्रा में मलबा और धूल फैल गई। घर के अंदर मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। जिस जगह कुछ देर पहले सब ठीक-ठाक था, वहां चारों तरफ क्षतिग्रस्त सामान और मलबा बिखरा पड़ा था। घटना के तुरंत बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई। इस हादसे में मकान के अंदर मौजूद तीन लोग सीधे मलबे की चपेट में



आ गए। मलबे के नीचे दबने से करीब 20 वर्ष के शाहरून, करीब 13 वर्ष की अतिका और करीब 15 वर्ष के शाहनूर गंभीर रूप से घायल हो गए। चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने एक-एक करके मलबे को हटाया और नीचे दबे शाहरून, अतिका और शाहनूर को बाहर निकाला। घायलों को मलबे से बाहर निकालने के बाद उनके पिता जुल्फिकार ने बिल्कुल भी समय गंवाए बिना तुरंत 108 एंबुलेंस में बैठाकर तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया। वहां उनका उपचार चल रहा है।



रामलीला टिल्ला पर दो पक्षों के बीच मारपीट, तीन पुलिस हिरासत में

मुजफ्फरनगर, 14 सितम्बर (बु.)। नगर के मोहल्ला रामलीला टिल्ला पर दो पक्षों के बीच मामूली बात को लेकर मारपीट हो गयी। मारपीट की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों में बीच-बचाव कराती रही। पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में ले लिया है। मारपीट का वीडियो वायरल हो रहा है। शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला रामलीला टिल्ला में रविवार की देर रात दो पक्षों में मामूली बात को लेकर कहासुनी हो गयी। कहासुनी इतनी बढ़ी कि दोनों पक्ष के लोग आमने-सामने आ गए और उनके बीच मारपीट शुरू हो गयी। सूचना पर शहर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों के लोगों का बीच-बचाव करती रही। पुलिस की मौजूदगी में दोनों पक्ष एक-दूसरे से मारपीट करते रहे। पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में ले लिया है।

रसोई में सिलेंडर से लगी आग में तीन झुलसे

शाहपुर के मोहल्ला कस्सावान में खाना बनाते समय आग से सामान जलकर राख





मुजफ्फरनगर, 14 सितम्बर (बु.)। शाहपुर कस्बे के मोहल्ला कस्सावान (इस्लामाबाद) में एक घर के अंदर खाना बनाते समय अचानक गैस सिलेंडर में भयंकर आग लग गई। रसोई में लगी से ऊंची-ऊंची लपटें मकान के लेंटर को पार करते हुए बाहर तक दिखाई देने लगीं। हादसे में रसोई और घर में रखा तमाम घरेलू सामान जलकर राख हो गया, वहीं परिवार के तीन सदस्य आग की लपटों से झुलस गए। रसोई से उठती आग की लपटों को देखकर आसपास के लोगों में भी दहशत फैल गई और पूरे मोहल्ले में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मोहल्ला कस्सावान (इस्लामाबाद) के रहने वाले साजिद सैफी पुत्र इदरीश के मकान में खाना बनाया जा रहा था। खाना पकाने के दौरान ही अचानक गैस सिलेंडर ने आग पकड़ ली। शुरूआत में परिवार के लोगों ने खुद ही आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन सिलेंडर से निकल रही आग की लपटें तेजी से विकराल होती चली गईं। कुछ ही पलों में रसोई में रखा सारा सामान आग की चपेट में आ गया और पूरे मकान में धुएं का गुबार भर गया। आग की

रसोई से उठती आग की लपटों को देखकर आसपास के लोगों में भी दहशत फैली

लपटों और धुएं को देखकर घर में मौजूद लोग बुरी तरह घबरा गए। उन्होंने अपनी जान बचाने के लिए तुरंत बाहर की तरफ दौड़ लगाई और मदद के लिए जोर-जोर से चीखना शुरू कर दिया। रसोई से निकलती आग की लपटें और परिवार के लोगों का रोना-चिल्लाना सुनकर आसपास के मकानों में रहने वाले लोग भी तुरंत मौके पर जमा हो गए। सिलेंडर में धमाके की आशंका से हड़कंप की स्थिति पैदा हो गई। मोहल्ले के लोगों ने जान की परवाह न करते हुए कुछ लोगों ने किसी तरह मकान के अंदर जाकर जलते हुए सिलेंडर को बाहर निकाला और गली में फेंक दिया। इसके बाद आग बुझाने के लिए सिलेंडर पर पानी और रेत फेंकी गई, साथ ही उस पर गीले कंबल भी लपेटे गए। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग को पूरी तरह शांत किया जा सका। आग की लपटों से झुलसने के कारण साजिद पुत्र इदरीश, अनस पुत्र साजिद और खुर्शीद पुत्र इदरीश घायल हो गए। तीनों को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाने की व्यवस्था की। इस घटना में मकान की रसोई में रखा सामान और अन्य घरेलू सामान जलकर पूरी तरह नष्ट हो गया।

गाजियाबाद में नर्स को कार में अगवा कर रेप किया

गाजियाबाद, 14 सितंबर (एजेंसी)। "मैं मुंबई से लॉकडाउन में जॉब के लिए गाजियाबाद आई थी। यहां मुझे कार से अगवा कर एक युवक ने रेप किया। मेरी 2 वीडियो बनाईं। मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। मैं मधुबन बापूधाम थाने में रातभर बैठी रही। मेरा मेडिकल कराया गया। हालत बिगड़ने पर गाजियाबाद के सरकारी अस्पताल में दो दिन भर्ती रही, फिर जीटीबी हॉस्पिटल दिल्ली में 6 दिन भर्ती रही। मेरी रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई, पुलिस ने 1.50 लाख रुपए थमाकर कहा- जाओ। मुझे इंसाफ चाहिए। मेरे साथ जो भी हुआ, वह बताने लायक नहीं है।" पीड़ित नर्स दिल्ली के एक अस्पताल में काम कर रही है। इस समय गाजियाबाद के राजनगर एक्सटेंशन इलाके में रह रही है। पीड़ित नर्स ने बताया- ये घटना 25 अगस्त 2026 की है। मैं राजनगर एक्सटेंशन में अकेली रह रही थी। मोरटा के पास का रहने वाला एक युवक मुझे जानता था। उसने एक दिन अचानक मेरे पास आकर कार रोक दी। फिर जबरन गाड़ी में बैठा लिया। इसके बाद मुझे मोरटा में निमार्णाधीन बिल्डिंग के पास ले गया। वहां युवक ने मेरा रेप किया। कार में मुझे पीटा। बोला कि पुलिस के पास गई तो जान से मार दूंगा। अपने दोस्तों को फोन कर मेरे सामने कहने लगा- भाई आ जा, मेरे साथ एक लड़की है। धमकाते हुए कहा कि अभी तो मैं अकेला हूं, मेरे दोस्त भी आ गए तो अंजाम बुरा होगा। पीड़ित नर्स ने बताया- आरोपी युवक ने बीयर पी। मेरे न्यूड वीडियो बनाए। धमकी देते हुए कहा कि तुम मेरा कुछ नहीं कर पाओगी। मेरा फोन भी छीन लिया था। उसने किसी वॉट्सएप ग्रुप में मेरी न्यूड वीडियो भी भेजी। मैं बहुत डर गई थी। मेरे पास फोन भी नहीं था। मैं बहुत देर तक सहमी रही कि आखिर किससे मदद लूं। इसके बाद मेरा फोन फेंक दिया। मैंने किसी तरह उसकी नजरों से बचकर अपना फोन उठाया। थोड़ी देर फिर धमकाया और पीटा। मुझे चक्कर आने लगा, जब हालत बिगड़ने लगी तो कार में बैठाया और एक सोसाइटी के बाहर कार से धकेल दिया। मैंने रात 12.59 बजे 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस से मदद मांगी। पुलिस मौके पर आई, मुझे अपने साथ ले गई। मैंने लिखित शिकायत भी दी। पुलिस मुझे घटनास्थल पर भी ले गई, जहां मैंने अपने कपड़ों के बारे में बताया, लेकिन वे कपड़े पुलिस ने बरामद नहीं किए।

दो बाइक चोर दबोचे, दो महंगी बाइकें व दो चाकू बरामद

मुजफ्फरनगर,14 सितंबर (बु.)। छपार पुलिस ने देर रात बिजोपुरा कट पर घेराबंदी कर दो संदिग्ध युवकों को गिरफ्तार कर लिया। दोनों के कब्जे से दो अवैध चाकू बरामद हुए। पुलिस



ने मोटरसाइकिलों की जांच की तो दोनों बाइक चोरी की निकलीं। बरामद रॉयल एनफील्ड हंटर और हीरो एक्सट्रीम 125 आर की कीमत करीब तीन से चार लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक पूछताछ में आरोपियों ने हरिद्वार नहर पुल के पास से रॉयल एनफील्ड हंटर और करीब सात-आठ महीने पहले नोएडा से दूसरी बाइक चोरी करने की बात स्वीकार की है।

कैबिनेट की बैठक में आज पीआरडी जवानों को मिल सकता है कैशलेस इलाज का तोहफा

लखनऊ, 14 सितंबर (एजेंसी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को कैबिनेट की बैठक होगी। इसमें डेढ़ दर्जन से अधिक प्रस्तावों को मंजूरी के लिए रखा जाएगा। प्रांतीय रक्षक दल (पीआरडी) के जवानों का ड्यूटी भत्ता रोजाना 500 से 600 करने और कैशलेस इलाज की सुविधा देने संबंधी प्रस्ताव पर मुहर लग सकती है। इनकी संख्या 27 हजार से अधिक बताई जा रही है। योगी सरकार 2019 से अब तक पीआरडी जवानों का चौथी बार मानदेय बढ़ाने जा रही है। इसके अलावा वाहनों की फिटनेस के लिए नई नीति, उत्तर प्रदेश खिलौना विनिर्माण प्रोत्साहन नीति और चित्रकूट एक्सप्रेस का संशोधित प्रस्ताव सहित अन्य शामिल है। भूतपूर्व सैनिकों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतर करने संबंधी प्रस्ताव को भी मंजूरी मिल सकती है। अंशदायी स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत पालीक्लीनिकों के निर्माण के लिए ग्राम पंचायत या स्थानीय प्राधिकरणों की भूमि स्थानीय सैन्य प्राधिकरण सेंट्रल कमांड भारत सरकार को मुफ्त दिए जाने का प्रस्ताव है।

दिल्ली दंगा केस में कोर्ट ने 5 और दोषी ठहराया

नई दिल्ली, 14 सितंबर (एजेंसी)। दिल्ली दंगा मामले में कड़कड़डूमा कोर्ट ने 5 और आरोपियों को दोषी ठहराया है। अदालत ने भजनपुरा पेट्रोल पंप हिंसा मामले में फैसला सुनाते हुए माना कि आरोपियों की भीड़ ने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों पर पथराव और हमला किया था। इस नए फैसले के साथ ही दंगों से जुड़े अलग-अलग मामलों में अब तक कुल 26 आरोपियों को अदालत दोषी ठहरा चुकी है। हालांकि, कोर्ट ने पेट्रोल पंप में आग लगाने के आरोप से सभी पांचों को बरी कर दिया। कड़कड़डूमा कोर्ट के एडिशनल सेशंस जज परवीन सिंह ने आरिफ, मोहम्मद खालिद, अब्दुल सत्तार, तनवीर अली और हुनैन के खिलाफ यह आदेश दिया। कोर्ट ने ये आदेश 9 सितंबर को दिया था लेकिन मामला आज सामने आया है। अभी कोर्ट ने सजा नहीं सुनाई है। ये सभी आरोप क्ढउ की धारा 147, 152, 186 और 353 के तहत हैं। इन्हें गैरकानूनी सभा से जुड़ी बीएनएस की धारा 149 के साथ पढ़ा गया है। दिल्ली में फरवरी, 2020 में हिंसा भड़की थी। इसमें 53 लोगों की मौत हुई थी। कोर्ट ने कहा कि दोषियों ने पुलिसकर्मियों पर पत्थर फेंके। हमला इतना हिंसक था कि पुलिसकर्मियों को पेट्रोल पंप की दीवार फांदकर भागना पड़ा। कोर्ट में कहा गया कि 24 फरवरी 2020 को दोपहर करीब 2 बजे भजनपुरा पेट्रोल पंप पर बड़ी भीड़ जुटने की जानकारी मिली थी। यह पेट्रोल पंप यमुना विहार सर्विस रोड पर था और इसे दिल्ली डीजल्स के नाम से भी जाना जाता है। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने 100 से 150 लोगों को देखा। ये लोग चांद बाग की तरफ से सड़क का डिवाइडर तोड़कर पेट्रोल पंप की ओर आए थे। भीड़ हिंसक हो गई और उसने पथराव किया।

रामराज पुलिस व एसओजी देहात टीम की बदमाशों से मुठभेड़, तीन बदमाश दबोचे

मुजफ्फरनगर, 14 सितम्बर (बु.)। रामराज पुलिस व एसओजी देहात की टीम की गांव अहमदवाला के तिराहे पर चेकिंग के दौरान बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। इस दौरान 1 बदमाश पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया, जबकि दो बदमाशों को पुलिस ने पीछा कर गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार बदमाशों ने तीन दिन पहले महिला से सोने का पैंडल लूटा था। रामराज पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि महमूदपुर मंगूर के जंगल में जिन बदमाशों ने महिला से लॉकेट लूटा था, वह रामराज की ओर आ रहे हैं। सूचना पर रामराज पुलिस द्वारा एसओजी देहात टीम अहमदवाला तिराहे पर संदिग्ध वाहनों की चैकिंग करने लगे। कुछ समय के बाद एक बाइक पर सवार होकर तीन व्यक्ति आते दिखाई दिए। पुलिस टीम ने ने संदिग्ध मानते हुए रुकने का इशारा किया तो बाइक सवार बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायर कर दिया। इस पर पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की, जिसमें एक बदमाश के पैर में गोली लग गयी और वह घायल हो गया, जबकि मौके से भागने की कोशिश में दो



बदमाशों को पुलिस ने पीछा कर दबोच लिया। पुलिस ने बदमाशों के पास से दो तमंचे, महिला से लूटा गया लॉकेट पीली धातु व लूट की घटना में प्रयुक्त बाइक बिना नम्बर प्लेट व चाकू बरामद किया है। पूछताछ में घायल बदमाश ने अपना नाम शहिद पुत्र शौकीन अहमद निवासी मोहल्ला कुन्दन कॉलोनी, गोहर अली खां, थाना कोतवाली अफजलगढ़, जिला-बिजनौर व राशिद पुत्र तारिक, फिरोज पुत्र महमूद निवासीगण कस्बा व थाना अफजलगढ़ जिला बिजनौर बताया है। बदमाशों ने तीन दिन पहले चारा लेकर आ रही महिला पर दराती से हमला कर उसका सोने का पैंडल लूट लिया था। पुलिस तभी से बदमाशों की तलाश कर रही थी। पुलिस ने गिरफ्तार बदमाशों का चालान कर दिया है।

मुजफ्फरनगर से बीईओ पंकज अग्रवाल आगरा भेजे

मुजफ्फरनगर,14 सितंबर (बु.)। आज हुए बड़ी संख्या में खण्ड शिक्षा अधिकारियों के तबादले में मुजफ्फरनगर के खण्ड शिक्षा अधिकारी पंकज अग्रवाल को आगरा स्थानान्तरित किया गया। बेसिक शिक्षा विभाग में 121 खंड शिक्षा अधिकारियों (बीईओ) के साथ ही विभागीय कार्यालयों में कार्यरत बड़ी संख्या में वरिष्ठ एवं कनिष्ठ सहायकों के स्थानांतरण किए हैं। स्थानांतरण आदेश के तहत कार्मिकों को वर्तमान कार्यालय/जनपद से हटाकर नए कार्यालय एवं जनपद में तैनाती दी गई है। यह कार्रवाई वर्ष 2026-27 की वार्षिक स्थानांतरण नीति के तहत प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर की गई है। शासन ने संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों के स्थानांतरण का निर्णय लेते हुए नई तैनाती वाले कार्यालयों में कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए हैं। बेसिक शिक्षा विभाग के विभिन्न कार्यालयों एवं संस्थानों में कार्यरत लिपिकीय संवर्ग के कार्मिकों को भी इधर से उधर किया गया है।

कार सवार युवकों की दबंगई, घर के बाहर बैठे लोगों पर बरसाये ईंट-पत्थर

मुजफ्फरनगर,14 सितंबर (बु.)। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के सरवट में कार सवार अज्ञात युवकों की दबंगई दिखाते हुए घर के बाहर बैठे लोगों पर ईंट-पत्थर फेंके। अचानक हुई पत्थरबाजी से मौके पर बैठे लोगों में अफरा- तफरी मच गई। वारदात के बाद आरोपी कार लेकर मौके से फरार हो गए। यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दे रहा है कि घर के बाहर कुछ लोग बैठे हुए हैं। तभी एक कार वहां पहुंचती है और उसमें सवार युवक अचानक घर के बाहर बैठे लोगों की तरफ ईंट-पत्थर फेंकना शुरू कर देते हैं। अचानक पथराव से वहां बैठे लोग हड़बड़ी में खुद को बचाने के लिए अंदर घुसने का प्रयास करते नजर आते हैं। पत्थरबाज कार सवार युवक मौके से निकल जाते हैं। पूरी घटना घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई। घटना सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस के मुताबिक फुटेज के आधार पर घटना में इस्तेमाल कार की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए पुलिस आसपास लगे अन्य सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है, ताकि कार के आने-जाने के रास्ते और उसमें सवार युवकों की पहचान की जा सके।



चलते ट्रक में लगी आग, चालक व परिचालक ने कूदकर बचाई जान

खतौली 14 सितम्बर (बु.)। पमनावली पुलिस चौकी से आगे रविवार को सड़क पर चलते ट्रक में अचानक आग लग गई। आग लगने से ट्रक धूं-धूंकर जलने लगा। चालक और कंडक्टर ने समय रहते ट्रक से कूदकर अपनी जान बचाई। सूचना पर पहुंची दमकल की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन ट्रक पूरी तरह जल गया। मिली जानकारी के अनुसार चालक शहजाद सिम्भावली मिल से पुराना स्क्रैप लेकर खतौली नहर स्थित गोदाम की ओर जा रहा था। पमनावली चौकी से आगे पहुंचते ही ट्रक के अगले हिस्से से अचानक धुआं उठने लगा। कुछ ही देर में धुआं आग में बदल गया और ट्रक आग की चपेट में आ गया। चालक शहजाद ने बताया कि आग लगने का पता चलते ही उसने 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दमकल विभाग को जानकारी दी।



दमकलकर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाई। चालक ने घटना के सम्बंध में पमनावली चौकी इंचार्ज को लिखित शिकायत दी है। ट्रक में आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही

फिर करवट लेगा मौसम, 44 जिलों में वज्रपात की आशंका

लखनऊ, 14 सितंबर (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के तराई और दक्षिणी जिलों में मंगलवार से अगले दो दिन छिटपुट बूंदाबांदी की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार बादलों की सक्रिया बढ़ने और अरब सागर से आ रही नमी के असर से यूपी में अगले 48 घंटे में कुछ जिलों में छिटपुट बारिश हो सकती है, लेकिन इसके बाद इसमें कमी आएगी। प्रदेश के 44 जिलों में गरज चमक के साथ वज्रपात की संभावना जताई है। मानसूनी ट्रफ लाइन के एक बार फिर उत्तर की ओर खिसकने के संकेत हैं। अगले दो तीन दिन तराई, मध्यांचल और पूर्वी जिलों में हल्की से मध्यम बारिश की परिस्थितियां बन सकती हैं। बताया कि 19 सितंबर से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मौसम शुष्क होने की संभावना है। इसी के साथ पश्चिमी राजस्थान से मानसून की वापसी शुरू होने के लिए भी परिस्थितियां अनुकूल बन रही हैं। इस सीजन में अब तक यूपी में वर्षा सामान्य से तीन प्रतिशत कम दर्ज हुई है।

तेज रफ्तार का कहर : स्विफ्ट और वैगनआर की आमने-सामने टक्कर, कई लोग घायल


मुंडभर गांव के पास दोपहर 3 बजे हुआ हादसा, पुलिस ने घायलों को शामली भेजा

बुढ़ाना, 14 सितम्बर (बु.)। भौराकलां थाना क्षेत्र के मुंडभर गांव के पास सोमवार दोपहर करीब तीन बजे तेज रफ्तार के चलते सड़क हादसा हो गया। यहां स्विफ्ट और वैगनआर कार की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में दोनों कारों में सवार कई लोग घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। मिली जानकारी के अनुसार, फौजी खेड़ी निवासी प्रियांशु पुत्र संजीव उर्फ चिंटू अपनी स्विफ्ट कार से फुगाना में आयोजित तेरहवीं कार्यक्रम में शामिल होने के बाद वापस गांव लौट रहे थे। इसी दौरान सिसौली निवासी अर्जुन पुत्र नवाब अपनी वैगनआर कार से आ रहे थे। मुंडभर गांव के पास दोनों कारें आमने-सामने आ गईं। तेज गति के कारण दोनों वाहनों की जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों कारों को काफी नुकसान पहुंचा और उनमें सवार कई लोगों को चोटें आईं। हादसे की सूचना मिलते ही भौराकलां पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए शामली के अस्पताल भेजा। थाना प्रभारी प्रमोद भी पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।दुर्घटना के बाद दोनों क्षतिग्रस्त कारें सड़क पर खड़ी होने से यातायात प्रभावित हो गया। पुलिस ने क्रेन की मदद से दोनों वाहनों को सड़क से हटवाकर थाने भिजवाया, जिसके बाद यातायात व्यवस्था सुचारू हो सकी। प्रारंभिक जांच में हादसे की वजह तेज गति बताई जा रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



शहर के शिवचौक सहित कई इलाकों में रहेगी बिजली आपूर्ति बाधित

मुजफ्फरनगर,14 सितंबर (बु.)। आवश्यक कार्य के चलते मंगलवार को नगर के कई इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। बिजली विभाग द्वारा कल नगर में कई स्थानों पर आपूर्ति बाधित रहेगी। टाउन हाल 33 केवी से जुड़े इलाके में नगर पालिका के प्रस्तावित सौंदर्यकरण कार्य को लेकर सुबह नौ बजे से एक बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इससे ब्रह्मपुरी, सदर बाजार, बाला जी चौक और शिव चौक के इलाके प्रभावित रहेंगे। जिला अस्पताल बिजली घर से जुड़े 11 केवी सीटी प्रथम सरवट पोषक के इलाके में बिजनेस प्लान के तहत कार्य के चलते सरवट पोषक से जुड़े इलाकों में सुबह नौ से बारह बजे तक शट डाउन रहेगा। 33 केवी पचेंडा रोड से जुड़े नसीरपुर फीडर पर सुबह सात से 11 बजे और दोपहर बाद तीन से पांच बजे तक शटडाउन के चलते बिजली आपूर्ति नहीं मिलेगी। कार्य की अधिकता की स्थिति में समय परिवर्तित हो सकता है। विद्युत विभाग द्वारा जानसठ रोड स्थित 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र पर आवश्यक मेंटेनेंस और बिजनेस प्लान के तहत प्रस्तावित कार्यों को पूरा करने के लिए मंगलवार, 15 सितंबर 2026 को विभिन्न पोषकों पर शटडाउन लिया जाएगा। विद्युत विभाग द्वारा जारी शेड्यूल के अनुसार जानसठ रोड उपकेंद्र से निर्गत 11 केवी पोषकों पर दो चरणों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। सुबह 08:00 बजे से दोपहर 12 बजे तक अलमासपुर, वाटर प्लॉट और सहावली जंगल क्षेत्र और दोपहर 01:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तकः हरिवृंदावन सिटी और सुरेन्द्र नगर क्षेत्र में आपूर्ति बाधित रहेगी।



इमाम के घर का ताला तोड़कर नकदी व जेवर चोरी


खतौली, 14 सितम्बर (बु.)। 14 सितम्बर गांव भंगेला में शनिवार को चोरों ने मस्जिद के इमाम के सूने घर को निशाना बना लिया। मुख्य दरवाजे का कुंडा और कमरे में रखी अलमारी का ताला तोड़कर बदमाश हजारों रुपये की नकदी और सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर ले गए। घर लौटने पर चोरी का पता चला तो परिवार में हड़कंप मच गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मस्जिद के इमाम अमीर अहमद ने पुलिस को बताया कि शनिवार सुबह करीब नौ बजे वह पत्नी अफसाना के साथ अपनी बीमार मां का हाल जानने मोहम्मदपुर माफी गांव गए थे। उनके बच्चे स्कूल गए हुए थे। दोपहर करीब एक बजे घर लौटने पर मुख्य दरवाजे का कुंडा टूटा मिला। अंदर जाकर देखा तो बेडरूम में रखी अलमारी का ताला भी टूटा हुआ था और उसमें रखी नकदी व सोने-चांदी



के जेवरात गायब थे। चोरी से परिवार सदमे में है। सीओ रुपाली रॉय चौधरी ने बताया कि घटना के खुलासे के लिए पुलिस टीम गठित की गई है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। फुटेज में एक संदिग्ध युवक नजर आया है, जिसकी पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

पंकज प्रकाश राठौर देवरिया में एडीएम बनाकर भेजे, दीपक होंगे नए सिटी मजिस्ट्रेट

मुजफ्फरनगर,14 सितंबर (बु.)। नगर मजिस्ट्रेट पंकज प्रकाश राठौर का तरक्की कर एडीएम वित्त देवरिया बनाकर स्थानांतरण कर दिया गया है। उनके स्थान पर दीपक कुमार



पाल को यहां भेजा गया है। दीपक कुमार पाल बुलंदशहर में एसडीएम थे। पंकज प्रकाश राठौर को पदोन्नति के साथ अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व देवरिया बनाया गया है। बीती रात जारी तबादला आदेशों में दीपक मुजफ्फरनगर के नए सिटी मजिस्ट्रेट बनाए गए हैं।

चरथावल में दो चिकित्सा संस्थान सील

चरथावल, 14 सितम्बर (बु.)। स्वास्थ्य विभाग ने सोमवार को क्षेत्र में अस्पतालों के खिलाफ कार्रवाई का अभियान जारी रखा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरथावल के प्रभारी डॉ. सतेन्द्र कुमार के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने विभिन्न अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान ग्रीन मेडिकेयर सेंटर को पूरी तरह सील कर दिया गया, जबकि इंडियन हॉस्पिटल के लेबर रूम को सील किया गया। टीम ने अस्पतालों में पंजीकरण, आवश्यक दस्तावेज, चिकित्सा सुविधाओं और संचालन से संबंधित व्यवस्थाओं की जांच की। ग्रीन मेडिकेयर सेंटर में निरीक्षण के बाद विभाग ने पूरे सेंटर को सील करने की कार्रवाई की। वहीं इंडियन हॉस्पिटल के संचालक ने टीम के सामने संबंधित कागजात प्रस्तुत किए। दस्तावेज दिखाए जाने के कारण अस्पताल को पूरी तरह सील नहीं किया गया, लेकिन लेबर रूम के संबंध में कार्रवाई करते हुए उसे सील कर दिया गया। स्वास्थ्य विभाग की लगातार छापेमारी से क्षेत्र के अस्पताल संचालकों में खलबली मची हुई है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, पिछले एक सप्ताह में चरथावल क्षेत्र में करीब 10 अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केंद्रों के खिलाफ कार्रवाई की जा चुकी है। अधिकारियों का कहना है कि निर्धारित मानकों और नियमों का पालन नहीं करने वाले चिकित्सा संस्थानों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।





शिवपाल को हटाकर लोहिया ट्रस्ट के अध्यक्ष बने अखिलेश

लखनऊ, 14 सितंबर (एजेंसी)। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को लोहिया ट्रस्ट का भी अध्यक्ष बनाया गया है। अब तक पूर्व कैबिनेट मंत्री और उनके चाचा शिवपाल सिंह यादव ट्रस्ट के अध्यक्ष हुआ करते थे। ट्रस्ट की बैठक में सभी आठों सदस्यों ने अखिलेश को अध्यक्ष बनाए जाने पर अपनी सहमति दी। अब अखिलेश के पास सपा के साथ लोहिया ट्रस्ट और जनेश्वर मिश्र ट्रस्ट की भी कमान आ गई है। ट्रस्ट में अखिलेश के अलावा शिवपाल यादव, दीपक मिश्रा, आदित्य यादव, राम नरेश यादव, रामसेवक यादव, वीरपाल यादव और राजेश यादव सदस्य हैं। लोहिया ट्रस्ट का गठन सपा के गठन से पहले हुआ था। इसका उद्देश्य समाजवादी विचारधारा और डॉ. राम मनोहर लोहिया के विचारों का प्रचार-प्रसार करना रहा है। ट्रस्ट की गतिविधियों के जरिये समाजवादी विचारधारा से जुड़े कार्यक्रमों के साथ पार्टी के लिए संसाधन जुटाने में भी भूमिका भी रही है।